चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 148, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद 14

सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स 13





UPRERA Registration No.: UPRERAPRJ126349/02/2024
BDA Approved Registration No. 02102/BDA/BP/23-24/0094/19102023

Our completed projects







After the Grand Success
of Nandi Heights & Nandi Bellavista,
*Nandi Group Presents*

NANDI
mango tree
APARTMENT

नवरात्रि के उपलक्ष्य में बुक करायें अपना नया घर

CONSTRUCTION IN FULL SWING

Facility







NANDI Buildtech

+91-7088048881, 82, 86

nandibuildtech@gmail.com nandibuildtech.com

Housing Loan Available with :
State Bank of India — THE BANKER TO EVERY INDIAN
Union Bank of India
इंडियन बैंक Indian Bank
केनरा बैंक Canara Bank

**Site Office: Nandi Mango Tree Apartment**, Opp. Lane Domino's & Karamchari Nagar Chowki, Mini Bypass, Bareilly

## एक नजर

### चेयरमैन के समझाने पर माने, काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

**अल्हागंज।** चेयरमैन शिवानी वर्मा के समझाने पर नगर पंचायत के सफाई नायक और कर्मचारियों के बीच मतभेद समाप्त हो गए। इसके बाद हड़ताल भी समाप्त कर दी गई।

सफाई कर्मचारी ईद की छुट्टी व कुछ अन्य मामलों को लेकर सफाई नायक से नाराज थे। जिसे लेकर सभी सफाई कर्मचारियों ने नगर के सफाई कार्य ठप कर दिए थे और हड़ताल पर चले गए थे। ऐसे में दो दिन सफाई कार्य ठप रहा। शुक्रवार को कर्मचारियों के दोनों गुटों के बीच पैदा हुए विवाद को-चेयरमैन शिवानी वर्मा ने सुलझा लिया। दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी कि कोई भी किसी के कार्य में अनावश्यक दखल नहीं देगा। कोई किसी से अपना व्यक्तिगत कार्य नहीं कराएगा। इस पर दोनों गुट मान गए। चेयरमैन वर्मा ने बताया कि प्रत्येक महीने सभी कर्मचारियों से संवाद करके उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया गया है।

### बैंक खाता वितरण में त्रुटि तो मानदेय भुगतान संभव नहीं

**शाहजहांपुर।** सीडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव में सभी पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारी के नियुक्ति पत्र में नाम, पदनाम, मतदाता पहचान पत्र संख्या, बैंक खाता संख्या आदि अंकित किया गया है। अगर अंकित विवरण में कोई त्रुटि है तो वह कार्मिक इसकी लिखित सूचना अपनी बैंक खाता पासबुक, चेक की छायाप्रति, कार्मिक कोड अंकित कर प्रशिक्षण में उपस्थिति लेने वाले कर्मचारी को उपलब्ध करवा दे। बैंक खाता विवरण में त्रुटि होने पर मतदान कार्मिकों को उनके मानदेय का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

### सिपाहियों ने रक्त देकर बचाई मरीज की जान

**शाहजहांपुर।** पुलिस प्रशासन को ट्वीट के द्वारा सूचना मिली कि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में एक मरीज भर्ती है। जिसके ऑपरेशन के लिए रक्त की जरूरत है। रक्त न मिलने पर मरीज की जान को खतरा बताया गया है। पुलिस प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए तिलहर थाने के सिपाही कुलदीप व आनंद मेडिकल कॉलेज पहुंचे और दोनों सिपाहियों ने स्वेच्छा से ब्लड दिया।

## पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने गोष्ठी के रूप में मनाई भारत रत्न डॉ. आंबेडकर की जयंती, जिले भर में हुए कार्यक्रम

# सामाजिक और आर्थिक न्याय दिलाने में बाबा साहेब की महती भूमिका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रविवार को डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल घंटाघर पर बाबा साहेब की 133वीं जयंती पर पुष्पांजलि एवं गोष्ठी के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि डॉ. आंबेडकर को ज्ञान का प्रतीक, समता मूलक समाज का संस्थापक, भारतीय संविधान का निर्माता कहा जाता है।

**● बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की**

सांसद ने कहा कि रिजर्व बैंक आफ इंडिया की स्थापना में भी बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी वर्गों को सामाजिक, आर्थिक न्याय दिलाने में बाबा साहेब ने महती भूमिका निभाई। महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का पूरा देश ऋणी है और वह हमेशा ही सभी के प्रेरणा स्रोत रहेंगे। सोसाइटी अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि उन्होंने ने भारत को सबसे उत्कृष्ट समाजवादी, लोकतांत्रिक, संसदीय शासन प्रणाली वाला संविधान देकर भारत को सशक्त बनाने में अपना योगदान दिया। उनके योगदान को राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि ने कहा कि बाबा साहेब की शिक्षाओं और संदेशों को अपनाकर हम आगे बढ़ सकते हैं।

इससे पहले अतिथियों ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। अवसर पर ब्लाक प्रमुख राजाराम वर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. पीके कपिल, अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण एसोशिएशन के अध्यक्ष हरिशंकर कनौजिया, अनुसूचित जाति बेसिक शिक्षक संघ के महामंत्री विनोद कुमार, शिक्षक नेता दिनेश पाल सिंह, राजीव कुमार वर्मा, विनोद सम्राट, भारत गौतम, अरविंद गौतम, लालमन, व्यास मुनि समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पंचशील सोसाइटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# महापुरुषों की झांकियों ने बढ़ाई शोभायात्रा की भव्यता

## डॉ. आंबेडकर जयंती पर महानगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत


डॉ. आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल आयोजक मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर महानगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। महापुरुषों की सजीव झांकियों, बैंडबाजे, डीजे आदि से सुसज्जित शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। समापन पर खिरनीबाग स्थित जीआईसी मैदान में सभा का आयोजन किया गया।

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह समिति के बैनर तले शोभायात्रा की शुरुआत गुरु रविदास पूजा स्थल रामबाग से मुख्य अतिथि सिंह नर्सिंग होग के संस्थापक डॉ. एमपी सिंह, विशिष्ट अतिथि अमर चंद्र जौहर, डॉ. वाईपी गौतम, मुख्य

**● पंचशील गमन के साथ डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण**

संरक्षक भगवंत राम ने झंडी दिखाकर की। शोभायात्रा में सबसे आगे डॉ. आंबेडकर की झांकी चित्र के रूप में शामिल की गई, जिसके पीछे भगवान बुद्ध, संत रविदास, संत गाडगे, बिरसा मुंडा, सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले, माता रमाबाई, गुरुनानक, मातादीन वाल्मीकि, संतराम बीए, दीनाभाना, शहीद ऊधम सिंह, बांके चमार, उदई चमार, पेरियार ललई सिंह यादव, पेरियार ईवी रामास्वामी नायकर, छत्रपति शाहूजी महाराज, सिद्धनाक, ऊदा देवी, झलकारी बाई, कांशीराम आदि महापुरुषों की झांकियां शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं।




डॉ. आंबेडकर शोभायात्रा में शामिल विभिन्न स्वरूपों की झांकियां। ● अमृत विचार

शोभायात्रा पक्कापुल, केरूगंज, चारखंभा, चौक, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए खिरनीबाग जीआईसी मैदान में विसर्जित हुई। रास्ते में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर आयोजकों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तमाम स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और आयोजक मंडल समेत शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान भी कराया गया। इससे पहले आयोजकों ने गुरु रविदास पूजा स्थल पर बुद्ध वंदना, पंचशील गमन के साथ डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।शोभायात्रा की व्यवस्था में आयोजन समिति के अध्यक्ष मगरेलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामपाल चौधरी, सियाराम दिनकर, अधिवक्ता दिनेश कुमार, अजय वर्मा, विनोद कुमार, गीता भारती, संध्या, सविता सागर, ममता बौद्ध, हरिश्चंद्र आनंद, कर्मवीर सिंह, कुणाल भारती, प्रदीप कुमार, ममता सम्राट, विनोद सम्राट, राजीव बौद्ध, महेंद्र पाल कठेरिया, अखिलेश बौद्ध, विमला बौद्ध, सुधीर कुमार, चंद्रकांत भारती, करुणा शंकर हंस, विश्राम सिंह, सुशील कुमार आदि का सहयोग रहा।


डॉ. आंबेडकर शोभायात्रा में शामिल बाबा साहेब की झांकी। ● अमृत विचार

### बाबा साहेब की शिक्षाएं ही खत्म कर सकती हैं कुरीतियां



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आधुनिक भारत के निर्माता, सामाजिक समरसता, समानता एवमं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, भारतीय संविधान के शिल्पकार, करोड़ो शोषित वंचित और गरीब लोगो को उनका हक और सम्मान दिलाने वाले भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती जीएफ कॉलेज छात्रावास में हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर छात्रावास को रंग-बिरंगी झंडियों से सजाया भी गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि राजकीय डिग्री कालेज कांट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनूप कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर हम समाज से कुरीतियों को खत्म कर सकते हैं। मुख्य वक्ता एसपी कालेज इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने युवाओं का आह्वान किया कि वह ढोंग, आडंबर, पाखंड, भेदभाव, नशाखोरी से दूर रहें। यही बाबा साहेब की शिक्षा है, जिसका पालन हमें उन्नति की ओर ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में बुराइयों और कुसंगति से दूर रहकर निरंतर अध्ययनरत रहने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम भारती, छात्रावास समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार, भरत पाल आदि ने भी बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पहले विजय मस्ताना, रोहित अरोड़ा, रजत कुमार, राजकुमार गौतम, सौरभ सिंघानिया, विजय पाल, अनिल कुमार, हरि शंकर, सर्वेश कुमार, विमल कुमार, आशीष कुमार, मुनेश चंद्र, आकाश कुमार, निगम कुमार, शैलेंद्र कुमार, निर्देश कुमार, सोनू कुमार, मोहित कुमार आदि ने अतिथियों के साथ डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

# खुटार में आंबेडकर जयंती पर निकाली रैली, लगाए जय भीम के नारे

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर रविवार को पुवायां रोड स्थित बुद्धा पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां राष्ट्रीय संयुक्त अखिल मंच के राष्ट्रीय सचिव, वरिष्ठ अधिवक्ता राम लड़ैते श्रीवास, राजेश कुमार देवा, डॉ. जसकरन, राजेश गौतम, अध्यापक रामसरे, प्रमोद कुमार ने भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता राम लड़ैते और अध्यापक रामासरे ने आंबेडकर पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। इसके बाद रैली बुद्धा पार्क से होते हुए मेन मार्केट, तिकुनियां पर पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल हुए। लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के नारे लगाए। साथ ही डीजे पर बज रहे गानों पर खूब आनंद लिया। रैली वापस बुद्धा पार्क पर आकर समाप्त हुई। उधर, गांव रुजहां कलां में ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब के चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके मार्ग पर चलने को प्रेरित किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि डाक्टर अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ समाज में नव चेतना का संचार करने के नायक थे। वह हमेशा सभी के लिए अनुकरणीय रहेंगे। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अमित कुमार, मुनीश कुमार, ग्राम प्रधान रूपराम, बीडीसी विनोद वर्मा, शांति देवी, संतोष कुमार, सत्यपाल गौतम, संतराम गौतम और पुलिस फोर्स के साथ थानाध्यक्ष मौजूद रहे। इधर, क्षेत्र के गांव कढ़ैया, बालागंज, रुजहां कलां, रौतापुर कलां आदि गांव में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।


खुटार में आंबेडकर जयंती पर रैली में शामिल बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए जीवन भर किया संघर्ष



**कांट।** सरकारी कार्यालयों, समाजिक व राजनीतिक संगठनों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गौरव सक्सेना के नेतृत्व में अन्य स्टाफ ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरे जीवन संघर्ष किया। भीमराव अंबेडकर युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत हैं। इस मौके पर डॉक्टर राजीव मेहरोत्रा, अवनीत मिश्रा, फार्मासिस्ट सतेन्द्र कुमार, स्टाफ नर्स रंजना परमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### सीएचसी बंडा में मनाया बाबा साहेब का जन्मोत्सव



**बंडा।** संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस पर सीएचसी बंडा पर आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीके वर्मा ने कहा कि डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के जन्म दिवस को समानता दिवस व ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाबा साहेब ने कहा था कि जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेते, तब तक आपको कानून चाहे जो भी स्वतंत्रता देता है,वह आपके किसी काम की नहीं होती। डीएच विवेक वर्मा ने भी बाबासाहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सतीश चन्द्र, रमन, लालाराम, सुमित महरोत्रा, सुमित, शरद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## स्टेशन पर मनाई गई बाबा साहब की जयंती

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में रविवार को संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई।

रेल अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर, स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद्र, सीपीएस शिवम सक्सेना, सीएमआई एसके ठाकुर, सीआईटी कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां, दरोगा संजी कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहो।


स्टेशन पर बाबा साहब की जयंती मनाते रेलवे कर्मचारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प



**शाहजहांपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अंबेडकर पार्क नई बस्ती, अंबेडकर पार्क बड़ा मोहल्ला, बुद्ध बिहार सिमरिया, बुद्ध बिहार बलेली, आंबेडकर पार्क उदयपुर कटैया,आंबेडकर पार्क घुसगवां में बाबा साहब की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण एवं भगवानदास बुद्ध को पुष्प अर्पित किए गए। जिसमें शाहबाज नगर प्रधान महेश चंद्र गौतम, संरक्षक रामेश्वर दयाल गौतम, रामगोपाल, रामप्रकाश , इमरान अंसारी, प्रहलाद गौतम, राम निवास शर्मा ,सतीश गौतम, प्रधानाचार्य अमित गौतम , विश्राम गौतम आदि मौजूद रहे।

### जंयती पर याद किए गए डॉ. आंबेडकर



**कलान।** आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप गुर्जर, भाजपा मंडल महामंत्री राघवेंद्र मिश्रा ने आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आंबेडकर ने समाज को नई दिशा देने का काम किया है हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर अमित मिश्रा, सतीश कुमार, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंजू सिंह मौजूद रहे। भाजपा जिला महामंत्री रमाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर विवेक गुप्ता, राकेश गुप्ता, राजीव सिंह, राजीव मिश्रा, राघव मिश्रा आदि मौजूद थे।

आवश्यकता है
अमृत विचार के बरेली संस्करण को
अकाउंटेंट व मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बुद्धिस्ट सोसाइटी ने बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर अर्पित किए पुष्प

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** संविधान निर्माता डॉ. बी आर आंबेडकर की जयंती पर दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित तथागत गौतम बुद्ध तथा डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

पुवायां रोड स्थित बुद्ध बिहार में भंते वसुबंधु तथा

**● शहर में कई जगह हुआ कार्यक्रमों का आयोजन**

नागतिस्स के द्वारा त्रिसरण एवं पंचशील ग्रहण करने के उपरांत पुष्पांजलि का कार्यक्रम हुआ। इसी क्रम में आवास विकास पार्क, घंटाघर पार्क, बेरी चौकी पार्क, लोधीपुर स्थित सारिपुत्र बुद्ध विहार, महामाया बुद्ध विहार, हथौड़ा स्थित पार्क में बाबा साहेब और भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इन कार्यक्रमों में संस्थाध्यक्ष रामसेवक गौतम, डॉ. आंबेडकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, वेद पाल सुमन, तोताराम बौद्ध, जगदीश प्रसाद एडवोकेट, विनोद कुमार छावला, गियारी लाल, बृजेश कुमार, संदीप कुमार गौतम, बृजपाल गौतम, जगदीश चंद्रा, अनूप कुमार, योगेश कुमार, प्रीति एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।


डॉ. आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते बुद्धिस्ट सोसाइटी के सदस्य। ● अमृत विचार

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाण्डेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

## धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती



**सेहरामऊ दक्षिणी।** क्षेत्र के गांव चंदगोई के ग्राम पंचायत दिवैयापुर में आंबेडकर की प्रतिमा के सामने केक काटकर उनकी जयंती मनाई गई। इस मौके पर भाजपा नेता अरविंद सिंह, प्रधान रिंकी देवी, प्रधान पति राजीव वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि संजय वर्मा, राजन सिंह सोमवंशी, अनिल वर्मा ठाकुर साहब सिंह, अर्जुन सिंह, अजीत सिंह,लज्जाराम गौतम, रामभजन, राजेंद्र, दिनेश, और लालजीत, कमलेश, वेदराम आदि मौजूद रहे। जैतीपुर ।बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर क्षेत्र में जगह-जगह कार्यक्रम हुए। इस दौरान जुलूस निकाल कर बाबा साहब के नारे लगाए गए और गोष्ठियों का आयोजन किया गया। प्रधान संतोष वर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने कलम की ताकत पर गरीबों को वह सब अधिकार दिलाए, जिससे गरीब आदमी भी अपना विकास कर सके। इस अवसर पर सपा नेता जितेंद्र श्रीवास्तव, मेवाराम सागर, भूपेंद्र सागर,अमीर चंद्र सागर, प्रेम चंद्र सागर ,महेश, वेदप्रकाश, मुनीश अदि उपस्थित रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059


# दूसरा कोई रास्ता नहीं, जान जोखिम में डालकर आवागमन बना मजबूरी

## कलान के कोलाघाट पर टूटे गाटर और पटलों से बना दिए पैंटून पुल

प्रदीप सिंह, कलान

**अमृत विचार :** कोलाघाट में बने पैंटून पुल अत्यंत जर्जर हैं। इनसे निकलना जान जोखिम में डालना है, लेकिन अन्य कोई रास्ता न होने के कारण क्षेत्रवासी इसी पुल से आवागमन करते हैं। जान की बाजी लगाकर लोग इसी रास्ते से होकर दूसरे स्थानों पर जाते हैं। इसको लेकर शिकायतें भी हुई, लेकिन संज्ञान लेने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। जिससे यह समस्या विकराल होती जा रही है।

कोलाघाट में बने पक्के पुल का एक पिलर धंस गया था। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ था। क्षतिग्रस्त पुल को सही करा दिया गया। अब आवागमन में तकनीकी खामियां आड़े आ रही हैं। कलान तहसील क्षेत्र वासियों के आवागमन की समस्याओं को लेकर जलालाबाद व जिला मुख्यालय पर जाने के लिए कोलाघाट की कटरी में रामगंगा नदी पर दो पैंटून पुल बनवाए गए हैं। पहले तो एक ही पैंटून पुल था, लेकिन बाद में लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने संज्ञान लिया और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दूसरे पुल का निर्माण करा दिया। पुल तो बन गए हैं, लेकिन पुल बनाने में लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने मानक पर ध्यान नहीं दिया है। पुल बनाने में घटिया सामग्री लगाई गई है। जर्जर पटले व गाटर हैं। जब वाहन निकलते हैं तो पटले, गाटर इधर-उधर खिसक जाते हैं। गाटर इतने पुराने हैं कि वह गल चुके हैं और कई स्थानों पर टूटे हुए हैं। जिससे पुल को पार करते समय वाहनों को खतरा बना रहता है। मजबूरी में कलान, परौर, मिर्जापुर क्षेत्र के लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पैंटून पुल से आते जाते हैं। पैंटून पुल के अलावा क्षेत्र के लोगों के लिए जलालाबाद व शाहजहांपुर आने-जाने के लिए अन्य कोई रास्ता नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की, लेकिन अफसरों ने इस मसले पर कोई ध्यान नहीं दिया है, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है।



कोलाघाट में बने पैंटून पुल से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

● **बना रहता है डर कहीं नीचे न चली जाए गाड़ी**

### क्या कहते हैं लोग



कोलाघाट की कटरी में जो पैंटून पुल बनाया गया है उसमें अत्यंत खराब गले व पतले गाटर लगा दिए गए हैं। जिससे आने जाने पर दिक्कत होती है और लोगों को खतरा भी बना है। – दिनेश मिश्रा



जर्जर पुल दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। हम लोगों की मजबूरी है, अपनी जान मुसीबत में डालकर पुल से आते जाते हैं। जिलाधिकारी को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। – रोहित गुप्ता



इस क्षेत्र के लोगों के साथ जिम्मेदार नेता अधिकारी सौतेला व्यवहार करते चले आ रहे हैं। जिससे समस्या बढ़ती जा रही है। कोलाघाट के पुल का हाल बहुत खराब है। अफसरों को पता है फिर भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। –अमित मिश्रा



लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कितनी घोर लापरवाही की है। लोगों की जान तक की परवाह नहीं की गई है। पुल जर्जर है। पार करते समय डर बना रहता है कि कहीं गाड़ी नीचे न चली जाए। –विपिन पांडेय

## गीता सिटी में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**पुवायां, अमृत विचार :** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती अध्यापक वीरपाल के आवास पर मोहल्ला गीता सिटी में मनाई गई। गाडगे सेवा समिति के सदस्यों ने आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। बाबा साहब की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का प्रण लिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक अवनीश कुमार, सुबोध कुमार कनौजिया एडवोकेट, सुनील कुमार, वीरपाल, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, आशुतोष वर्मा, सत्यवीर सिंह, अशोक यादव, नीलेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य बृजेश कुमार आदि रहे।

## मोबाइल तोड़ने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम पांच बजे अपने घर के सामने पानी डाल रहा था। गांव का सतीश अपनी बाइक से निकल रहा था। उन्होंने सतीश से कहा कि साइड से निकल जाओ। इस बात पर कहासुनी हो जाने से आरोपी ने अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि आरोपियों ने मनोज को पीटकर घायल कर दिया और मोबाइल छीनकर तोड़ डाला। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने आरोपी सतीश, जेपी तथा जितेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जिला बदर दो अपराधी पकड़े, चालान किया

**शाहजहांपुर।** कांट थाना प्रभारी दया शकर ने बताया कि मंजेश निवासी कुटरा थाना कांट तथा धर्मेंद्र कुमार निवासी सिकरहन थाना कांट जिला बदर अपराधी है। दोनों अभियुक्तों को छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। पुलिस को शनिवार की रात नौ बजे सूचना मिली कि दोनों जिला बदर अपराधी सिकरहन गांव में है। पुलिस ने दोनों जिला बदर अपराधी मंजेश व धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

# आंबेडकर ने संविधान की रचना कर दिया समानता का अधिकार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **भारत रत्न की जयंती पर खिरनीबाग मैदान में आयोजित सभा में अतिथियों ने बाबा साहेब के योगदान को सराहा**

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के बैनर तले रविवार को देर शाम खिरनीबाग जीआईसी मैदान में सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

सभा में मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रतन लाल ने कहा कि डॉ. आंबेडकर युग दृष्टा, महान विचारक, अर्थशास्त्री होने के साथ महान चिंतक भी थे। उन्होंने संविधान की रचना कर सभी देशवासियों को समानता का अधिकार दिया। अपने संविधान की रक्षा करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कवि राहुल नागपाल ने कहा कि महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब संसद में हिंदू कोड बिल लाए, जिसमें महिलाओं को 18 प्रकार के मुख्य अधिकार शामिल थे, लेकिन विरोध के चलते यह बिल पास नहीं हो सका। बाद में उन्हीं के प्रयास से बिल पास कराया जा सका। इस अवसर पर उन्होंने कविता पाठ भी किया। मुख्य वक्ता एसएस कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरके आजाद ने कहा कि बाबा साहेब महान अर्थशास्त्री थे। उन्होंने यदि समान अधिकारों की बात न की होती, तो हमारा समाज आज भी पिछड़ा ही रहता। समाज की तरक्की में बाबा साहेब का बहुत बड़ा योगदान है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. एमपी सिंह, डॉ. वाईपी गौतम, डॉ. कमलेश गौतम, अमर चंद्र जौहर, ब्लॉक प्रमुख राजाराम आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के योगदान को सराहा। इससे पहले अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर सभा का शुभारंभ किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बृजेश कुमार वर्मा और सियाराम दिनकर के संचालन में चले कार्यक्रम में आयकर अधिवक्ता दिनेश कुमार, महेश चंद्र गौतम, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. महेश प्रजापति, डॉ. राधेश्याम भारती, डॉ. डीआर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बहादुर लाल आजाद, मुकेश चंद्र गौरव, राजन सिंह, सर्वेश मिश्रा धांधू, जगदीश चंद्रा, डॉ. छेदा लाल, मगरे लाल, अजय वर्मा, विनोद कुमार, विश्राम सिंह, राम पाल चौधरी, गीता भारती, ममता बौद्ध, माया प्रकाश, त्रिभुवन नाथ, रमेश चंद्र, खुशीराम, नीरज वर्मा, ममता सम्राट, धनपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।



खिरनीबाग जीआईसी मैदान में आयोजित सभा में डॉ. आंबेडकर और भगवान बुद्ध के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते आयोजन समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सपाइयों ने जयंती पर डॉ. आंबेडकर को किया याद



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी की ओर से जिला कार्यालय पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन तनवीर खां के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, संजीव वर्मा, अवधेश कुमार पाल, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी आदि ने डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में संतोष कुमार पाल, डॉ. नवनीत यादव, प्रेमचंद कश्यप, इम्तियाज मंसूरी, लल्ला सिंह यादव, महेश कुमार वर्मा, मनोज यादव, सचिन तिवारी, प्रदीप मौर्या, राजू कनौजिया, अर्जुन यादव, जितेंद्र कुमार, इमरान अली एडवोकेट, गुफरान खान, इकबाल अली, अभय शंकर चौधरी, आरिफ खां, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## अपना दल ने मनाई आंबेडकर जयंती

**शाहजहांपुर।** अपना दल एस की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती ओल्ड आवास विकास कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले दल के पदाधिकारियों ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अपना दल एस पंचायत मंच के प्रदेश सचिव शिवनंदन सागर, महिला मंच प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता पटेल, पूर्व प्रदेश सचिव राजीव पटेल, जिलाध्यक्ष राजीव पटेल, नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुनील पटेल आदि रहे।

## रेल संबंधी समस्या के लिए 139 पर करें डायल

**शाहजहांपुर।** मुरादाबाद मंडल ने ग्रीष्म काल में यात्रियों की सुविधा के लिए पीने का स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में यात्रियों को स्वच्छ तथा शीतल पेयजल मिल सके। शीतल पेयजल को बराबर चालू रखा जाए और यात्री शीतल पेयजल ले सके। स्टाल पर रेल नीर पानी बोतल पर्याप्त मात्रा में रहनी चाहिए। यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए स्काउट्स एवं गाइड तथा समूह सहायता को पेयजल की जिम्मेदारी दी गई। ट्रेन के कोचों में निरंतर पानी रहना चाहिए। कोच में पानी के प्रेशर के जांच कर लेनी चाहिए। यात्री किसी भी समय रेल संबंधी समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 पर डायल करके मदद ले सकता है।

## सप्तमी कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशीला देवी
प्रधान



संजीव कुमार शुक्ला
प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत पटई वि.खं. सिधौली, शाहजहांपुर

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# उफ... यह गंदगी, डेंगू-मलेरिया को दे रही दावत

## एक अप्रैल से अभियान शुरू फिर भी शहर से लेकर देहात तक लगे है गंदगी के ढेर, संचारी रोगों का खतरा बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मोहल्ला हाथी खान में रविवार को कूड़ा न उठने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना है।



हॉकी क्लब के पीछे गंदगी से पटा नाला।

**अमृत विचार :** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सरकार की ओर से एक अप्रैल से अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके बाद भी शहर से लेकर गांव तक गंदगी देखी जा रही है। बीते वर्ष बुखार की चपेट में आने से जिले में 35 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद भी इस बार कोई विशेष सतर्कता दिखाई नहीं दे रही है। जबकि लोगों में अभी से डायरिया फैलने लगा है। डेंगू का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। मच्छर और गंदगी से फैलने वाले रोगों में इजाफा होने की आशंका है।

तापमान बढ़ने के साथ ही लोगों को डायरिया ने घेरना शुरू कर दिया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में फिजिशियन कक्ष में आने वाले करीब चार सौ मरीजों में आठ से 10 मरीज रोजाना ही डायरिया से पीड़ित आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने संक्रामक व संचारी रोगों पर नियंत्रण को लेकर

अभी कोई ठोस उपाय नहीं किए हैं। शहर से लेकर गांवों तक में सफाई नहीं होने से मच्छर पनप रहे हैं। फॉगिंग नहीं होने से लोगों को मच्छरदानी का सहारा लेना पड़ रहा है। मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर आयोजित बैठक में बीते दिनों सभी को माइक्रोप्लान देते हुए कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

काफी प्रयास के बाद भी सीएचसी पर मरीजों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। सीएचसी मात्र रेफर सेंटर बनकर रह गई हैं। इसके चलते संचारी रोगों के फैलने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में बेड फुल होने से जगह नहीं मिल पाती है। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि उनके पास पर्याप्त बेड और दवाओं का इंतजाम है। मरीजों को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि महानगर में मच्छरों से बचाव के लिए नियमित फॉगिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि महानगर में मच्छरों पर नियंत्रण कर लिया गया है। फॉगिंग के साथ ही नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जा रहा है।

### 11 विभागों को दी गई जिम्मेदारी

संचारी रोग और दिमागी बुखार पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग समेत 11 विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। नगर विकास को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग व उद्यान विभाग को भी जिम्मेदारी दी गई है।

> सफाई और फॉगिंग के लिए विभागों को निर्देश दिए जा चुके हैं। संक्रामक रोगों को फैलने से रोकने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए जा रहे हैं।
> -**डॉ. अंसार अली**, नोडल अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण

### जागरुकता के लिए बनाई गईं टीमें

लोगों को जागरूक करने के लिए टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों ने एक से दस अप्रैल तक जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाए। हालांकि इन कार्यक्रमों का कोई खास असर अब दिखाई नहीं दे रहा है। इसके बाद दस्तक अभियान शुरू हो गया है। जिसके तहत आशा व आंगनबाड़ी घर-घर जाकर बुखार, खांसी, जुकाम, कुष्ठ, फाइलेरिया रोगों के बारे में जानकारी कर रही हैं। मच्छरों से बचाव के बारे में भी बताया जा रहा है।

### पिछले साल बिगड़े थे हालात

बीते वर्ष जिले में हालात बिगड़ गए थे। 35 से ज्यादा लोगों की मौत बुखार से हो गई। बुखार आने पर लोग छोटे से बड़े चिकित्सक के पास इलाज कराने जाते रहे, लेकिन वह बच नहीं पाए। एक के बाद एक लोगों की मौत होती चली गई। पहले से तैयारी नहीं करने की वजह से पिछले वर्ष डेंगू व मलेरिया की वजह से काफी लोगों की जान गई थी। जबकि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में गिनती की मौतें हुई थी। नदी व तालाब वाले इलाकों में सबसे ज्यादा लोग पीड़ित हुए थे।

# स्टेट हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत, तीन लोग घायल

संवाददाता, कलान

- सभी की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

**अमृत विचार :** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर मोहल्ला सरस्वती नगर के पास शनिवार रात बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को पीएचसी से शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव थरिया निवासी इश्तियाक(30) और जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कोला निवासी खूबसूरत(2) शनिवार रात कलान से उसावां की तरफ बाइक से जा रहे थे, वहीं कलान थाना क्षेत्र के गांव एत्मादपुर निवासी वीरेंद्र(28) जाखिया की तरफ से बाइक से आ रहे थे। रात करीब 8:30 बजे बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर मोहल्ला सरस्वती नगर के पास बाइकें आमने-सामने भिड़ गईं। जिससे दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने एंबुलेंस के जरिये घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से सभी घायलों को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### हादसे में युवक की मौत

**जलालाबाद।** गंगा एक्सप्रेस वे पर एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव अफतियापुर निवासी सतीश कुमार(26) मजदूरी करता था। शनिवार को मजदूरी करके शाम सात बजे बाइक से घर लौट रहा था। गंगा एक्सप्रेस वे पर डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक डंपर लेकर भाग गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी दो बहनें है। उसकी मां का अश्लेखा है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# डीईओ ने दिए कार्मिकों को पहचान पत्र देने के निर्देश



जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह के साथ मौजूद दलों के प्रतिनिधि।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- छंटनी के लिए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली गई स्ट्रांग रूम में संरक्षित ईवीएम

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम उमेश प्रताप सिंह की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम में संरक्षित ईवीएम को प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा वार छंटनी के लिए खोला गया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि इस कार्य में लगे सभी कार्मिकों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन पहचान पत्र तत्काल निर्गत करें। सभी कार्मिक उस पहचान पत्र को अपने साथ रखें। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि कार्य के दौरान कम से कम एक अधिकारी ईवीएम स्ट्रांग रूम पर अवश्य उपस्थित रहे। इस दौरान एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, एसओसी चकबंदी, डिप्टी कलेक्टर जीत सिंह, सुवेश सिन्हा सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज में सभी मतदान कार्मिकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में लगाए गए मतदान कार्मिकों का पहला प्रशिक्षण सोमवार से कैंट स्थित सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज में शुरू होगा। जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें पहले दिन कुल 2432 कार्मिकों को बुलाया गया है। पहली शिफ्ट सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे व दूसरी शिफ्ट 2 बजे से 5 बजे तक होगी। प्रथम प्रशिक्षण 15, 16, 18 व 19 अप्रैल तक होगा। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण कहां किस कक्ष में देना है, इसके लिए रविवार को सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, डीडीओ पवन कुमार सिंह आदि अधिकारियों ने सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पेयजल आपूर्ति, साफ व्यवस्था को सीडीओ ने दिशा निर्देश जारी किए। प्रशिक्षण प्राप्त करने आने वाले कार्मिकों के वाहन पार्किंग व्यवस्था कॉलेज से बाहर की गई है।

## एक नजर

### बालिका के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** शहर में बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के फरार आरोपी को सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी सात वर्षीया पुत्री के साथ गांव के इंद्रपाल ने खेत पर दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था। रविवार को पुलिस ने पीलीभीत रेल लाइन पर अंडरपास वे के निकट फरार आरोपी इंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार, सिपाही धर्वेंद्र कुमार, विजेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, विशाल कुमार आदि थे।

### किशोरी को बरामद करने की मांग

**मिर्जापुर।** क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट मे आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव का राहुल बहला फुसलाकर ले गया। सुबह चार बजे जब वह सो कर उठा तो बेटी घर पर नहीं थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं लगा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, संदिग्धों की चेकिंग



रौसरकोठी में पैदल मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, रौसर कोठी

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने केंद्रीय पुलिस बल के साथ प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया।

इस दौरान संवेदनशील व चिन्हित हॉट स्पॉट्स आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था तथा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण त्योहारों व आगामी चुनाव के प्रति आश्वस्त किया।

# रेंजर ने स्वीकारा पहले चार फिर कटे आठ पेड़



वन विभाग द्वारा पकड़ गए आरोपी। ● अमृत विचार



बरनई जंगल में पड़े लकड़ी के बोटे। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** लौहंगापुर के सिंहपुर पश्चिमी जंगल में पेड़ों पर आरी चलाए जाने के मामले में गोलमाल की आशंका पैदा हो रही है। वन विभाग आठ पेड़ काटे जाने की बात स्वीकार कर रहा है। जबकि 12 पेड़ काटने की बात सामने आ रही है। रविवार को रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने पेड़ कटान का खुलासा भी कर दिया और तीन तस्करों को जेल भी भेज दिया गया, लेकिन सिहुरा बीट के बरनई जंगल में अभी भी करीब 25 बोटा लकड़ी पड़ी हुई है। इस बात पर अफसर कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि अधिक संख्या में पेड़ काटे गए हैं, लेकिन स्थानीय अफसर इस बात को छुपा रहे हैं। मामले में वनकर्मियों ने पूरी रिपोर्ट अधिकारियों को नहीं सौंपी है और गुमराह करने में लगे हैं।

पांच अप्रैल को सिंहपुर पश्चिमी जंगल में हरे भरे सागौन और कोरों के पेड़ काट दिए गए थे। तस्कर रात को ही डीसीएम से लकड़ी लेकर चले गए थे। सूचना के बाद रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने जांच की और चार पेड़ काटे जाने की बात कही थी। उन्होंने लकड़ी बरामद कर सिहुरा बीट चौकी पर रखवा दी थी। अखबारों की सुर्खियों में 12 से ज्यादा पेड़ कटान का मामला सामने आया तो रेंजर ने आठ पेड़ काटे जाने की बात की हामी भर दी। रेंजर मनोज श्रीवास्तव के अनुसार, चार पेड़ की पहले ही लकड़ी बरामद कर ली। अब शनिवार को जनपद रामपुर टांडा आरा मशीन से चार पेड़ की लकड़ी बरामद कर ली है। साथ ही डीसीएम भी बरामद की गई है, जिसे सीज कर दिया है। रेंजर ने आरा मशीन पार्टनरशिप स्वामी अब्दुल माजीद, मोहम्मद अनीस और बिट्टू को जेल भेज दिया है। रेंजर ने कहा कि खुलासा हो गया है।

### ज्यादा पेड़ काटे तो कटान का नामोनिशान मिटाने को जड़ पर पत्ते डालकर लगा दी आग

बताया जा रहा है कि सिंहपुर पश्चिमी जंगल में ज्यादा पेड़ काट दिए गए थे। इसे छुपाने के लिए वनकर्मियों ने जड़ो पर मिट्टी डालकर ढक दिया और पत्ते इकट्ठा कर आग लगा दी। जिससे अगर अधिकारी जांच करने आये तो आठ पेड़ काटे जाने का पता चल चल सके। यहां तक की कामयाबी मिली, लेकिन बरनई में 25 बोटा लकड़ी पड़ी है। जो यही कटान की बताई जा रही है। इसका खुलासा अधिकारियों के जांच करने में सामने आएगा।

### इन पर केस दर्ज कर भेजा जेल, अभी और बाकी

सिंहपुर पश्चिमी जंगल में हुए कटान में रेंजर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जनपद रामपुर की तहसील टांडा आरा मशीन पर शनिवार को टीम के साथ छापेमारी की। जहां से 27 बोटा लकड़ी और डीसीएम बरामद की है। आरा मशीन के पार्टनर स्वामी अब्दुल माजीद, उसका साथी मोहम्मद अनीस, पेड़ कटान में शामिल प्रांत उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के किच्छा बाजपुर निवासी बिट्टू सरदार को पकड़ लिया। लेकिन रामपुर की तहसील बिलासपुर ईसानगर निवासी डीसीएम चालक सोनू, काशीपुर निवासी मकसद के साथ ही अन्य आरोपी फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया और वाहन को सीज कर दिया है।



मिट्टी से ढकी गई पेड़ की जड़।

> मामले की पूरी तरह से जानकारी नहीं है। डीएफओ को निर्देशित कर मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया गया उसपर कार्रवाई की जाएगी।
> – **विजय सिंह**, मुख्य वन रक्षक बरेली जोन बरेली

### ऐसे कटी लकड़ी, एक लाख आठ हजार में बिक्री

रेंजर के मुताबिक, डीसीएम चालक सोनू की ससुराल खुटार के गांव मैनिया में है। स्थानीय लोगों से मिलकर पांच अप्रैल को कटान कर लकड़ी को आरा मशीन पर भेज दिया। तस्कर बिट्टू सरदार, सोनू, मकसद ने करीब एक लाख, आठ हजार की लकड़ी बेची। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

> उक्त प्रकरण में उत्तराखंड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य फरार चल रहे हैं। साथ ही कुछ लकड़ी और एक डीसीएम भी बरामद की गई है। डीसीएम को सीज किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। बरनई जंगल मे पड़े लकड़ी के वोटें सिंहपुर पश्चिमी जंगल के कटान के ही है। मामले में अभी जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **डॉ. सुशील कुमार**, एसडीओ शाहजहांपुर

### पुलिस ने पांच वारंटी गिरफ्तार किए

**शाहजहांपुर।** तिलहर प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि सुभाष निवासी खजुआ गौटिया थाना तिलहर, सुरेश निवासी अजमाबाद थाना तिलहर तथा धर्मपाल निवासी रानी खिरिया थाना तिलहर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इसी थाने की पुलिस ने रामबरन निवासी रजुआपुर तिलहर को तमंचा समेत गिरफ्तार किया है। इधर जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बताया कि विवेक निवासी नगला थाना जलालाबाद तथा पप्पू निवासी खंडहर थाना जलालाबाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**लापरवाही** | अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहा एस्कलेटर और स्लेप वाले पुल का निर्माण

# एक साल में कैसे पूरा होगा स्वचालित सीढ़ियों पर चढ़ने का सपना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



स्वचालित सीढ़ियों का हो रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत स्वचालित सीढ़ियों तथा स्लेप वाले पुल का निर्माण चल रहा है। दोनों कार्य काफी धीमी गति से चल रहे है। एक दिन कार्य होता है और दो दिन बंद रहता है। यात्रियों का एक साल में इन सीढ़ियों पर चढ़ने का सपना कैसे पूरा होगा। मजे की बात यह है कि जब डीआरएम निरीक्षण करते है तो उस दिन कार्य काफी तेजी से होता है और बाद में ढीला पड़ जाता है।

भाजपा की पूर्व सांसद कृष्णा राज ने 2014 में रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियों के लिए अथक प्रयास किए थे। उन्होंने प्लेटफार्म एक पर कैरिज विभाग के सामने नारियल फोड़कर तथा पूजा करके अर्चना की थी। लेकिन काम शुरु नही हो सका था। सांसद अरुण सागर ने भी प्रयास किए थे। अमृत योजना के तहत 17 करोड़ का बजट आया था। इस योजना के तहत स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज, स्लेप वाला पुल तथा स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से सितंबर 23 कार्य शुरु हुआ है। साथ ही प्लेटफार्म दो तथा तीन पर प्लेटफार्म को ऊंचा करने कार्य चल रहा है, जिसके चलते प्लेटफार्म तीन की ट्रेनें प्लेटफार्म चार पर आ रही है। वर्ष 2024 में यह कार्य पूरा होना है। जबकि डीआरएम निर्माण कार्य का निरीक्षण कई बार कर चुके है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए थे कि प्लेटफार्म दो व तीन का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। डीआरएम के निरीक्षण के समय कार्य में तेजी आती है और बाद में ढीला पड़ जाता है। निर्माण कार्य काफी धीमी गति चल रहा है। जबकि स्वचालित सीढ़ियों के लिए स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ पिलर बनाया गया है। जबकि पिलर सभी प्लेटफार्म बनाए जाने है। इसलिए एक साल में यात्रियों का सपना स्वचालित सीढ़ियों को कैसे पूरा होगा। जबकि अभी काफी कार्य होना है। कुल मिलाकर निर्माण कार्य कछुआ गति से हो रहा है।

- डीआरएम के आने पर ही कार्य में आती है तेजी, धीमी गति से हो रहा निर्माण कार्य

### सर्कुलेटिंग एरिया का कार्य अधूरा

रेल प्रशासन की योजना है कि पूर्वोतर रेलवे स्टेशन को उत्तर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से जोड़ दिया जाए, जिससे यात्री अपने वाहन लेकर सीधे पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन पहुंच जाए। इसके लिए आरपीएफ, जीआरपी थाना, पार्सल घर का गोदाम, सरकारी क्वाटर तोड़े जाने थे। साथ ही रेलवे पावर हाउस के पीछे सिविल का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, उसे हटाने के निर्देश दिए थे, जो ट्रांसफार्मर नहीं हटा है। पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन के पास दीवार उठा दी है। यह कार्य भी अधूरा पड़ा है।

> यह कार्य रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग करवा रहा है। ठेकेदार को अमृत योजना के तहत कार्य 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए है।
> – **एसके ठाकुर**, सीएमआई

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**सिंधौली।** प्रभारी निरीक्षक धमेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह आठ बजे सूचना मिली कि चक कन्हऊ गांव जाने वाले मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और गांव वालों से जानकारी की। गांव वालों ने बताया कि चार दिन से गांव के आस-पास घूम रहा था और लोग उसे खाना दे देते थे तो खा लेता था। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 45 साल है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके बाद मोर्चरी में रखवाया जाएगा।

### हादसे में युवक घायल

**निगोही।** क्षेत्र के गांव हरपरा निवासी विकास(21) रविवार को घरेलू सामान खरीदने बाइक से निगोही आया था। सामान खरीद करके विकास अपने घर के लिए दोपहर करीब 2:30 बजे चला। बाइक शाहजहांपुर-पीलीभीत मार्ग पर गांव संडा खास चौराहे पर पहुंची, तभी पीछे आ रहे गैस सिलेंडर लोड ट्रक की टक्कर से विकास बाइक सहित मार्ग पर गिरकर घायल हो गया। उसे निगोही सीएचसी भेजा गया है। ग्रामीणों ने ट्रक चालक सहित ट्रक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

# बिना अनुमति लगाई जा रही आंबेडकर प्रतिमा हटवाई



मजीदापुर में पहुंचा पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** आंबेडकर जयंती के मौके पर गांव मजीदपुर में बिना अनुमति सरकारी जगह पर मूर्ति रखने का मामला सामने आया है। कोतवाल प्रदीप कुमार राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बिना अनुमति के ही रखी गई भीमराव आंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा को हटवा दिया। प्रतिमा को थाने लाया गया है और भगवान बुद्ध की प्रतिमा को घटना स्थल के पास ही एक देवस्थान मंदिर में बने एक कमरे में रखवा दिया। मौके पर पुलिस तैनात कर दी गई।

प्रतिमा लगाने वाले मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। लेखपाल राजकुमार की ओर से आठ नामजद और तीन चार अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है, जिस पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन के ईद उत्सव में बही गीत और गजल की बयार



पेंशनर्स एसोसिएशन के ईद मिलन समारोह में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से रविवार को लोधीपुर स्थित एक मैरिज लॉन में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह, संयोजक एमए खान ने सभी पेंशनर्स, परिवारजनों व अतिथियों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद उत्सव में वक्ताओं ने गीत, गजल प्रस्तुत करते हुए अपने विचार रखे। जिसमें वीरेंद्र सक्सेना, भूरे अली, विष्णु प्रकाश गुप्ता, जागेश पाली, अरुण दीक्षित, मुजाहिद, मायावती, पंकज, उमेश बनवारी लाल, इमरान खां आदि की प्रस्तुति मनमोहक प्रेरणादायी रही। संचालन भूप सिंह ने किया। प्रबंधन व्यवस्था में ओंकारनाथ शुक्ला, रामजी लाल वाजपेयी आदि का योगदान रहा। अंत में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनको स्मरण कर नमन किया गया। पेंशनर्स ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

# मइया की चुनरिया तारों वाली चमके ...

## वासंतिक नवरात्र में छठे दिन हुआ माता कात्यायनी का पूजन, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वासंतिक नवरात्र में छठे दिवस माता रानी के भक्तों ने मां दुर्गा के षष्ठम स्वरूप माता कात्यायनी का आह्वान कर उनकी पूजा-अर्चना की। इधर, मंदिरों में मां भगवती के भक्तों की भीड़ दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

नवरात्र में श्रद्धालुओं का उल्लास चरम पर है। शाम होते ही मंदिरों और घरों में ढोलक की आवाजें सुनाई देने लगती हैं। शहर के प्रमुख मंदिरों में सैकड़ों महिलाएं मां भगवती का पूजन कर आरती के बाद कीर्तन में सहभागिता कर रही हैं। ढोलक, झांझ-मजीरा की धुन पर भजन-कीर्तन कर माता रानी का गुणगान कर रही हैं। मंदिरों में यह सिलसिला देर शाम तक चल रहा है। वहीं, अब घरों में भी जगराते होने लगे हैं। गली-मोहल्लों में देर रात तक ढोलक बजने की आवाज सुनाई दे रही है।

इधर, रविवार को घरों में मां कात्यायनी का आह्वान कर उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर नवरात्र में उपवास पर चल रहे भक्तों ने पूजन किया और आरती कर मां भगवती को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। घरों और मंदिरों में खासा उल्लास दिखाई दे रहा है।


आईकेएमजी के भजनोत्सव में कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


श्री दुर्गा मंदिर मंडी में मातारानी का दरबार।

### भजनोत्सव में डांडिया कर झूमीं महिलाएं

**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय खत्री महासभा ग्रुप (आईकेएमजी) की ओर से चैत्र नवरात्र के अवसर पर देवी माता के नौ स्वरूपों ध्यान रखते हुए भजनोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। माता रानी के भक्तों ने छंदो और गीतों पर डांडिया नृत्य भी किया। आईकेएमजी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया। इस बीच महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर माता रानी का गुणगान किया और गीतों पर गरबा नृत्य भी प्रस्तुत किया। अध्यक्ष रजनी सेठ और उपाध्यक्ष पूनम टंडन की ओर से आयोजित भजनोत्सव में बीना, डॉ. नमिता, विम्मी, मीनू गुप्ता, रचना, श्रृंगारिका, निशा, प्रियंका, नीलम कपूर, अंजलि गुप्ता, दीप शिखा, बीना मल्होत्रा, रिद्धि बहल, कोमल खन्ना, आरती खन्ना, विजय लक्ष्मी सूद, करिश्मा टंडन, वनिता कपूर, एकता कपूर, प्राची कपूर, रोली टंडन, डिंपल टंडन, पूनम कपूर, रागिनी टंडन, शिवानी खन्ना, किरण खन्ना आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच कर निःशुल्क दवाइयां दीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने अकर्रा में लगाया हड्डी रोग शिविर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर अकर्रा रसूलपुर में रविवार को निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया गया। मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी दी गईं।

कैंप में मरीजों की निःशुल्क बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। जांचों एवं सिटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर माह के हर चौथे रविवार को लगाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलती रहे और हड्डी रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हो सके। पीआरओ ने बताया कि गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का सफल इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, सभी प्रकार की टूटी हड्डी का प्लास्टर एवं ऑपरेशन द्वारा सफल इलाज ऑपरेशन तथा आईसीयू की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। शिविर में स्पाइन और जोड़ प्रत्यारोपण डॉ. शिवम चित्रांश एवं डॉ. ऋषभ की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।


नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित डॉक्टर की टीम। ● अमृत विचार




# पुवायां में मनाया गया अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस

संवाददाता, पुवायां

- 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में 66 कर्मियों की चली गई थी जान

**अमृत विचार :** 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में 66 अग्नि शमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

उन दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रति वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है। इसी दिन से एक सप्ताह तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस क्रम में इस वर्ष भी रविवार से अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस अगली 20 अप्रैल 2024 तक मनाया जाएगा। अग्निशमन विभाग के दरोगा आकाश सिंह मय फोर्स अपनी गाडियों से लोगों को जागरूक करते हुए अग्निशमन केंद्र से दमकल गाड़ी लेकर जेवां चुंगी, खुटार रोड से राजीव चौक, बंडा रोड, डाक बंगला होते हुए प्रमुख स्थानों पर एवं अग्नि शमन केंद्र पर जागरुकता अभियान चलाया गया।

# दो जिला बदर अपराधी तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि शनिवार की शाम सूचना मिली कि हरदोई ब्रिज से कुछ दूरी पर सीतापुर जाने वाले मार्ग पर जिला बदर अपराधी शिव शंकर निवासी सरायकाइया थाना रामचंद्र मिशन घूम रहा है। पुलिस ने उसे तमंचा समेत पकड़ लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

टीम में उप निरीक्षक शिवम कुमार, मनोज कुमार थे। इधर मदनापुर थाने में तैनात उप निरीक्षक उदयवीर सिंह ने बताया कि नीलू सिंह निवासी ढुकरी कला थाना मदनापुर जिला बदर अपराधी था। पुलिस ने शाम को ढुकरी कला मोड़ पर जिला बदर अपराधी नीलू सिंह को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# कॉलोनी की दीवार तोड़ने पर भिड़े दो पक्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ पर स्थित आवास विकास कॉलोनी की चारदीवारी तोड़े जाने के मामले में दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और जमकर नोकझोंक हुई। पुलिस ने जेसीबी को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पुलिस ने पहले दिन कार्रवाई की होती तो दूसरे दिन हंगामा नहीं होता।

चौक कोतवाली क्षेत्र में बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी में सेक्टर पांच में स्थित डंपिंग ग्राउंड के निकट चारदीवारी को शुक्रवार को पड़ोस में स्थित न्यू कालोनी के कुछ लोगों ने तोड़ दिया था। आवास विकास कॉलोनी के लोगों ने एतराज करते हुए पुलिस चौकी अजीजगंज में शिकायत की थी। पुलिस मौके पर आई थी और टूटी चारदीवारी की वीडियो ग्राफी कराई थी और दीवार तोड़ने वालों के नाम डायरी में दर्ज किए थे। पुलिस दोनों पक्षों को समझाकर चली गई थी। रविवार की सुबह आठ बजे न्यू कालोनी के लोगों ने जेसीवी से दोवारा चाहर दीवारी तुड़वाना शुरु कर दी और मिट्टी डालकर रास्ता बनाना शुरु कर दिया था।

बड़ी संख्या में आवास विकास कॉलोनी के लोग एकत्रित हो गए। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता पंकज कुमार व चौकी प्रभारी रोहित कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दीवार तोड़ने वालों को सख्त हिदायत दी। सहायक अभियंता पंकज कुमार ने चौक कोतवाली में सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने की तहरीर अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


अजीजगंज चौकी पर खड़ी जेसीबी, जिसे सीज कर दिया गया।

- एक पक्ष की शिकायत पर शुक्रवार को समझाकर चली गई थी पुलिस
- पुलिस ने जेसीबी को किया सीज अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

### पुजारी को हटाने को लेकर विवाद

**सिंधौली।** नगर में स्थित एक धार्मिक स्थल पर एक पुजारी पिछले कई वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। जनसहयोग से पुजारी को पारिश्रमिक दिया जाता है। कुछ लोग पिछले कुछ समय से उन्हें हटाने की कोशिश कर रहे हैं। देर रात पुजारी को हटाने की मांग करने वालों का अन्य लोगों से विवाद हो गया। पुजारी के पक्ष में दर्जनों लोग एकत्र हो गए। दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने लगी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को देख लोग खिसक लिए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि क़ानून व्यवस्था किसी कीमत पर बिगड़ने नहीं दी जाएगी।

# तमंचा समेत गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चन्द्र ने अभियुक्त निजामुद्दीन निवासी रुकनपुर थाना कलान के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त पर पहले से दो मुकदमें है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# गजेंद्र और विजय शंकर को दी भावपूर्ण विदाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्त शिक्षकों को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। विद्यालय प्रबंधक और शिक्षकों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि प्रबंधक राजीव खन्ना ने कहा कि शिक्षक जीवन भर शिक्षक की भूमिका में होता है, उसका कभी रिटायरमेंट नहीं होता। वह जहां भी रहता है, अपने ज्ञान के प्रकाश से समाज को प्रकाशित और गौरवान्वित करता रहता है। प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है और इस कड़ी में शिक्षक की माहती भूमिका रहती है। इससे पहले 31 मार्च को सेवानिवृत हुए शिक्षक गजेंद्र सिंह एवं हिंदी प्रवक्ता विजय शंकर शुक्ला को फूल मालाएं पहनाकर अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। दोनों शिक्षकों ने कालेज से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रवक्ता राम सिंह के संचालन में चले कार्यक्रम में अतुल कुमार श्रीवास्तव, विमल कुमार मिश्रा, संजय अग्निहोत्री, सच्चिदानंद गुप्ता, कमलेश कुमार, ज्वाला प्रसाद, बीपी सिंह, रवि कुमार, अरविंद सिंह यादव, राम कुमार मौर्य, श्रवण कुमार, सुरेश कुमार, विशाल चंद्र, संजीव अग्निहोत्री आदि शिक्षक मौजूद रहे।


रिटायर्ड शिक्षकों को सम्मानित करते प्रबंधक राजीव खन्ना एवं शिक्षक।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने गढ़िया रंगीन में लगाया कैंप


मरीजों व डॉक्टर्स से बात करते मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 535 मरीजों ने कराया पंजीकरण चिन्हित 15 मरीजों का होगा नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से रविवार को तिलहर क्षेत्र के ग्राम गढ़िया रंगीन में वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 535 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 15 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। चिन्हित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा में ही किया जाएगा। इसके अलावा 45 मरीजों की दिल की जांच (ईसीजी), 124 मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर की जांच और लगभग 187 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई।


शिविर का उद्घाटन समाजसेवी पूसेराम प्रजापति, ग्राम प्रधान लालू प्रसाद प्रजापति ने फीता काट कर किया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मरीजों को दवाइयां भी दी गईं। साथ ही एमआरआई व सीटी स्कैन समेत अन्य जांचों के लिए छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम के सदस्यों और पीआरओ ने ग्रामीणों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया। पीआरओ ने बताया कि स्वास्थ्य कार्ड अस्पताल में मात्र 200 रुपये में बनाया जाता है, जो एक वर्ष के लिए मान्य है। परिवार स्वास्थ्य कार्ड के द्वारा ओपीडी का पर्चा निशुल्क बनेगा एवं दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। भर्ती होने पर भर्ती फाइल मुक्त बनेगी। सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत तथा खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। शिविर में डॉ. कनन कोहली, डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. फैजुर रहमान, डॉ.राजेश, डॉ.अनिल पाटिल, डॉ. मयांल यादव, डॉ. नलिनी सिंह, डॉ. आदिल, डॉ. अंशुमन, डॉ. जयश्री, डॉ. सौरभ सैनी, डॉ. गार्गी शर्मा, डॉ. राहुल पंवार, डॉ.रजत गोयल, डॉ. रिव्या सिंह, डॉ. विनुथा, डॉ. महिमा अरोरा आदि चिकित्सक मौजूद रहे। आयोजन में उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, पीआरओ विपिन शर्मा, भानु गंगवार समेत पैरामेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा।

### जरूरतमंदों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना प्राथमिकता: डॉ. अशोक

मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के द्वारा प्रत्येक जरूरतमंद को नि :शुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और भविष्य






अम्बा हैल्थ क्लीनिक


डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज


विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षो का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# रोजा, सिंधौली में बनाए जा रहे थे तमंचे और रायफल, छापेमारी में छह गिरफ्तार

## पुलिस ने अर्द्धनिर्मित शस्त्र और शस्त्र बनाने के उपकरण किए बरामद

संवाददाता, रोजा/ सिंधौली


रोजा पुलिस की हिरासत में अवैध शस्त्र बनाने के आरोपी।


सिंधौली पुलिस की हिरासत में अवैध शस्त्र बनाने के आरोपी।

**अमृत विचार :** एसओजी, सर्विलांस और रोजा व सिंधौली पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए अवैध शस्त्र बनाते हुए हिस्ट्रीशीटर समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। रोजा में टेढी पुलिया के पास और सिंधौली में जलालाबाद नहर पुलिया के पास पापुलर के पेड़ वाले खेत में शस्त्र बनाए जा रहे थे। अलग-अलग स्थानों पर हुई छापेमारी में पुलिस टीम ने अर्द्धनिर्मित शस्त्र और शस्त्र बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

शनिवार रात एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली कि थाना रोजा के टेढी पुलिया के आगे जंगल में तीन लोग अवैध शस्त्र का निर्माण कर रहे हैं। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने शुक्रवार रात करीब 1:25 बजे दबिश देकर मौके से थाना सिंधौली के गांव भटपुरा रसूलपुर निवासी उमेश शर्मा, रोजा के गांव कुतुबापुर सिरसी निवासी शहजाद, रोजा के गांव जमालपुर निवासी नीरज को गिरफ्तार कर लिया और बने हुए दो तमंचा 315 बोर, एक रायफल, एक तमंचा 12 बोर, चार तमंचा और बंदूक अर्द्धनिर्मित व शस्त्र बनाने के उपकरण, कारतूस 1050 रुपये नगद भी बरामद कर लिए। पकडे. गए नीरज के खिलाफ वर्ष 2018 के हत्या का प्रयास आदि धाराओं में भी मामला दर्ज हुआ था। उमेश के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट सहित तीन मामले दर्ज है।

वहीं सिंधौली पुलिस ने एसओजी, सर्विलांस सेल टीम के साथ मुखबिर की सूचना गांव जलालाबाद नहर पुलिया के पास पापुलर के खेत, जिसमें गेहू की फसल खडी है। वहां छापेमारी कर तमंचा बना रहे भटपुरा रसूलपुर निवासी गुड्डू पैना खुर्द निवासी मोहित, बड़ा पैना निवासी जगतराम को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों के पा से तीन तमंचा 315 बोर, सात कारतूस, अर्धनिर्मित शस्त्र और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस ने बताया कि गुड्डू सिंधौली थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में 11 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### जगह बदल-बदल कर बनाते थे असलाह

रोजा पुलिस को पूछताछ में उमेश ने बताया कि वह कुछ माह से चोरी छिपे रात के समय जगह बदल-बदल कर असलाह बनाता था और खराब असलहों को ठीक भी करता था। शनिवार रात जगंल में शस्त्र बना रहा था, तभी नीरज व शहजाद असलाह खरीदने आए थे। कारतूसों के संबंध में बताया कि जब कोई खरीदार आता है तो चैक करने के लिए कारतूस रखता हूं।

रोजा और सिंधौली क्षेत्र में पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी मिली है, इन दोनों स्थानों पर छापेमारी के दौरान अवैध शस्त्र बनाने वाले छह लोग पकड़े गए हैं, जिनके पास से बने हुए और अधबने शस्त्र भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। - **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

# बेटी पैदा होने के बाद प्रसूता की मौत, मामले की जांच शुरू

संवाददाता, बिलसंडा

• **पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की पड़ताल, परिवार ने किया कार्रवाई से इनकार**

**अमृत विचार :** प्रसव के कुछ देर बाद प्रसूता की मौत हो गई। बताया गया कि प्रसव एक झोलाछाप के घर कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम जांच में जुट गई।

शनिवार रात एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वाले कस्बे में ही एक झोलाछाप के घर ले गए। जहां महिला ने पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। अधिक रक्तश्राव होने पर झोलाछाप ने हाथ खड़े कर दिए। इससे परिवार वाले प्रसूता को सीएचसी बिलसंडा ले जा रहे थे। मगर रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिवार वाले शव लेकर घर लौट गए। उधर, झोलाछाप के घर प्रसव के बाद प्रसूता की मौत की चर्चा इलाके में फैल गई। इसके बाद पुलिस प्रसूता के घर जा पहुंची। पुलिस के पूछने पर महिला के पति ने झोलाछाप के यहां प्रसव होने की बात से इनकार कर दिया। साथ ही कार्रवाई से इनकार कर दिया। उधर, मामले की जानकारी होने पर सीएमओ ने जांच के निर्देश दिए। इस पर डॉ. मनीष राज शर्मा ने परिवार वालों से फोन पर महिला के पति से संपर्क किया। उन्हें भी महिला की मौत वाहन में होने की बात कही गई। डॉ. मनीष राज शर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है।

# पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मिर्जापुर कस्बा निवासी मीनू ने बताया कि उसकी शादी रामगोपाल निवासी मुडई थाना वेवर जिला मैनपुरी के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले मीनू से कहते थे कि तुमकों नहीं रखेंगे। महिला का आरोप है कि 26 फरवरी को ससुराल वालों ने मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति रामगोपाल, रामलखन व शीला देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हत्यारोपी दामाद की तलाश में हरदोई गई टीम लौटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• **12 को संजय ने ससुर सालिगराम की गोली मार कर दी थी हत्या**

**अमृत विचार:** ससुर की हत्या करने वाले फरार दामाद की तलाश में पुलिस टीम बरेली और हरदोई से वापस लौट आयी है। पुलिस ने आरोपी का नंबर सर्विलांस पर लगा रखा है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी सालिगराम अपनी पत्नी रामदेवी तथा पुत्री खुशबू के साथ बड़ी बेटी दीपमाला निवासी रौसर कोठी थाना रामचंद्र मिशन गया था। उसने पुत्री खुशबू की शादी संजय निवासी बाईबाग कालोनी थाना सदर बाजार के साथ की थी। पति खुशबू को प्रताड़ित करता था और वह मायके में रह रही थी। दामाद अपने ससुर सालिगराम से तीन लाख रुपये की मांग कर रहा था। 12 अप्रैल की शाम चार बजे संजय ने रौसरकोठी में जाकर ससुर सालिगराम की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सालिगराम व उसके भांजे अंकुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने अंकुर का चालान कर दिया था। पुलिस टीम संजय की तलाश में हरदोई तथा बरेली गई थी और वापस लौट आई है। आरसी मिशन प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी सालिगराम की तलाश की जा रही है।

# किशोर की गला दबाकर हत्या, शव खेत में मिला

संवाददाता, बिठौराकलां (पीलीभीत)


मृतक कपिल।

**अमृत विचार:** घर से बरात देखने जाने की बात कहकर निकले किशोर की गला दबाकर हत्या कर दी गई। दो दिन बाद उसका शव गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर गेहूं के खेत में पड़ा मिला। शरीर पर चोटों के के निशान पाए गए। वहीं, नजदीक में बांस के डंडे पड़े थे। किशोर के पिता ने गांव के तीन लोगों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है।

यह घटना गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां की है। यहां के रहने वाले श्रवण कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल की रात उनके गांव में बरात आई थी, जिसमें डीजे लगा था। उनका 16 वर्षीय पुत्र कपिल रात में बरात देखने को कहकर घर से गया था। काफी देर बाद तक कपिल घर नहीं लौटा तो परिवार वालों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों ने कपिल को तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। दो दिन बाद रविवार सुबह करीब सात बजे परिवार वाले कपिल की तलाश में निकल गए।

उधर, रविवार सुबह काम करने खेतों पर पहुंचे कुछ लोगों ने गेहूं के खेत में कपिल का शव पड़ा मिला देखा। वहीं उसकी चप्पलें, बेल्ट और बांस के डंडे पड़े थे। इसकी सूचना मिलने पर एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एसओ गजरौला रूपा बिष्ट मौके पर जा पहुंचे। इसके बाद मृतक के पिता श्रवण कुमार ने गांव के मदन उर्फ कल्लू, चंद्रसेन व उसके बेटे देवदत्त के खिलाफ हत्या करने और शव फेंकने का आरोप लगाते नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कपिल की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। शरीर पर चोटों के निशान मिल हैं।

### नामजदगी को लेकर पड़ताल कर रही पुलिस

**बिठौराकलां (पीलीभीत) :** दो दिन पहले लापता हुए किशोर कपिल (16) की डंडे से पीटकर हत्या की गई थी। रविवार को उसका शव गेहूं के खेत में पड़ा मिला। कपिल के पिता श्रवण कुमार ने गांव के तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिनमें दो पिता-पुत्र हैं। नामजदगी को लेकर पुलिस पड़ताल करने में जुटी है। नामजद एक आरोपी चंद्रसेन से जमीन का पुराना विवाद बताया जा रहा है। दूसरे आरोपी कल्लू को घटना की रात कपिल के साथ देखा गया था, जो उसी समय से फरार है। गजरौला क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां निवासी कपिल के लापता होने पर परिवार खुद उसे तलाश रहे थे। इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। बताते हैं कि कपिल अक्सर चला जाता था, लेकिन बाद में खुद ही लौट आता था। रविवार सुबह जब परिजन और ग्रामीण तलाशते हुए खेत की तरफ पहुंचे तो पहले उसकी बेल्ट और चप्पलें पड़ी दिखीं। लोगों ने खेत में जाकर देखा तो कपिल का शव पड़ा मिला। परिजन की मानें तो 12 तारीख की रात को उन्हें एक बच्चे ने बताया कि कपिल को गांव कल्लू अपने साथ ले जा रहा था। इसके बाद परिजन कल्लू के घर भी गए। गांव के अन्य स्थानों पर जाकर देखा, लेकिन कल्लू गांव में नहीं मिला। न ही कपिल का कोई सुराग लगा। घटना की सूचना मिलने के बाद एएसपी व सीओ ने मौका मुआयना किया। फील्ड यूनिट को भी बुला लिया गया।

## रंजिशन दंपती को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के गांव मदरोली निवासी बिटरानी ने बताया कि शुक्रवार की शाम पांच बजे गांव के रमेश सिंह व राकेश सिंह शराब पीकर उसके दरवाजे पर गाली दे रहे थे। उसके पति ओमपाल ने गाली देने से मना किया। आरोपी उसके मकान में घुस आए और उसके पुत्र कन्हैया लाल व उसकी पत्नी रिन्की को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी रमेश सिंह, राकेश सिंह, हर्रो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**माधोटांडा।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव रानीगंज निवासी गेंदनलाल (27) पुत्र बलदेव प्रसाद रविवार को कस्बे से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। पीलीभीत रोड पर एक रिसॉर्ट के पास पहुंचते ही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया, वहां उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। उएसओ अचल कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कार पुलिस के कब्जे में है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की मौत की वजह स्पष्ट नहीं

**पीलीभीत।** युवती पूनम देवी की मौत का मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उलझ गया है। मौत की वजह स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। खास बात यह कि जिस नंबर से परिवार को धमकी भरे फोन आ रहे थे उसकी लोकेशन मुंबई के ठाणे इलाके की निकली है। पिछले एक साल में यह नंबर कभी पीलीभीत या आसपास की लोकेशन पर नहीं आया है। पुलिस ने विसरा के साथ स्लाइड भी परीक्षण के लिए भेजी गई है।सुनगढ़ी थाना क्षेत्र की मैत्रीबाग कॉलोनी निवासी श्रीकृष्ण की 19 वर्षीय पुत्री पूनम देवी का शव शनिवार सुबह गौहनिया तालाब में मिला था। परिजन उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि 11 अप्रैल को युवती की तबीयत खराब हो गई थी। इससे रात में करीब एक बजे युवती और परिवार वाले सोए थे। इसके बाद रात में करीब तीन बजे परिजन जागे तो युवती घर में नहीं थी। शनिवार 13 अप्रैल की सुबह उसका शव गौहनिया चौराहा स्थित तालाब में मिला था। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# भीड़ की वजह से ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में भीड़ की वजह से शनिवार देर रात श्रमजीवी एक्सप्रेस के दरवाजे पर बैठे यात्री की नीचे गिरने से मौत हो गई। यात्री शाहजहांपुर से दिल्ली जा रहा था।

फतेहगंज पश्चिमी में धनेटा फाटक के पास ट्रेन से गिरकर शाहजहांपुर के सदर थाना के मोहल्ला चिनौर निवासी 40 वर्षीय अशोक की मौत हो गई। अशोक की जेब से मिले कागजात के आधार पर उसकी पहचान हुई। अशोक दिल्ली में कैंटरिंग का काम करता था। वह शनिवार की रात को श्रमजीवी एक्सप्रेस में शाहजहांपुर से दिल्ली जाने के लिए सवार हुए थे। जनरल कोच में अधिक भीड़ थी तो कोच के गेट पर बैठकर सफर कर रहे थे। जानकारी पर आरपीएफ और सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि ट्रेन से गिरकर शाहजहांपुर के व्यक्ति की मौत हुई है।

# बिक रही थी कच्ची शराब पुलिस ने आठ लोग पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आगामी लोक सभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के क्रम में अवैध शराब के निष्कर्षण ,संवहन ,परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान के तहत सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों छापेमारी करते हुए दो शराब भट्टी सहित करीब 140 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इस दौरान आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 1000 लीटर लहन मौके पर नष्ट कर दिया गया।

पकड़े गए लोगों में गौरीकला निवासी मगनपाल, गौरिया निवासी रामबहादुर, फिरोजपुर निवासी सुशील कुमार, बबक्करपुर निवासी विजपाल, बादशाहनगर निवासी अजय उर्फ पिंकू, देवकली निवासी सुरेंद्र, जगपाल, सहजापुर निवासी जयपाल शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार



**सिंधौली।** थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को शनिवार की रात साढ़े दस बजे सूचना मिली कि जमुनिया में ईदगाह गेट के सामने एक तस्कर खड़ा है और किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर आमिर निवासी जमुनिया थाना सिंधौली को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 158 ग्राम स्मैक बरामद की है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि सस्ते दाम में स्मैक खरीदकर ढाबों के आस-पास बेचता है। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के पांच केस पहले से दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक फुरकान, सिपाही गौरव कुमार, अंकित कुमार, अनिल कुमार शामिल रहे।

## निबंध प्रतियोगिता में तरुणेंद्र, अनु रहे प्रथम

**पुवायां।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रेरणा उत्सव पोर्टल पर कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के लिए विकसित भारत और राष्ट्रीय व समाज के प्रति मेरा योगदान विषय पर निबंध लेखन, कहानी, कविता, गीत, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निबंध प्रतियोगिता में तरुणेंद्र सिंह, अनु राठौर, कला प्रतियोगिता में सूरज गौतम, ईशु कनौजिया प्रथम रहीं। गीत प्रतियोगिता में अथर्व गुप्ता, अंजली देवी और कहानी प्रतियोगिता में कामना कुशवाहा प्रथम रहीं। इसके बाद प्रतियोगिता प्रमुख देवेंद्र और विद्यालय मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह ने बताया कि इन छात्रों को प्रेरणा उत्सव पोर्टल पर पंजीकरण होना है।

## कचहरी से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर।** शहर में वाहन चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। कचहरी रोड पर सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी हो गयी। लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव दिउरिया निवासी मनसुख लाल ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर दो बजे कचहरी आया था। उन्होंने कचहरी रोड पर एक दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दी। वह विकास भवन कार्यालय से काम करके वापस आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने बाइक तलाश की। लेकिन बाइक नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोरी गई बाइक की तलाश कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# ब्लॉक प्रमुख ने की अग्नि पीड़ितों की मदद

संवाददाता, खुटार


पीड़ित के घर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी। • अमृत विचार


**अमृत विचार:** गांव सरायं में चार दिन पहले छप्परदार घर में लगी आग से पीड़ित परिवार को रविवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित और भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने आर्थिक सहायता दी, साथ ही शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

गांव सरायं निवासी मैकूलाल का छप्परदार घर में 11 अप्रैल को आग लग गई थी। उस समय मैकूलाल की पत्नी मधुरा और बच्चें पड़ोस के घर में बैठे थे।

इस बीच अचानक उनके घर में आग लग गई। लपटें देख पता चल पाया था। आग से जेवरात, घरेलू सामान और नगदी जलकर राख हो गई थी। मधुरा देवी के अनुसार, घूरे पर सुलग रही आग की चिंगारी घर में पहुंच गई। जिससे आग लग गई थी। रविवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित और भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर पीड़ित परिवार से मिले। जहा हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। साथ ही आर्थिक सहायता की है। इस मौके पर बीडीसी विनोद वर्मा, मुनीश कुमार, नीरज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक भूखण्ड नं 28, श्रेणी C, क्षेत्रफल 88.40 वर्गमीटर, नर्मदा इन्क्लैव सेक्टर-2 रामगंगा नगर बरेली में है। घर से बाहर जाते समय उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र कहीं खो गया है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **चन्द्रपाल गुप्ता निवासी उत्कर्ष 16 महानगर कालोनी, बरेली। मो. 8218854994**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



# OAKWOOD WORLD SCHOOL

CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL

ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)

ADMISSION + OPEN

FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD

Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust

LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE

HURRY UP! Limited Seats Available



शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम

आलोक मिश्रा

All Routes in 25 Km. Radius from School

TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

Contact Us:- 7237964808 9235033696

E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com

visit us at: oakwoodworldschool.co.in


# दौड़ने लगीं मालगाड़ी, यात्री ट्रेन के लिए करें इंतजार

## ऐशबाग-पीलीभीत के बीच सीआरएस के 15 दिन बाद भी शुरू नहीं हो सका पैसेंजर ट्रेन का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** ऐशबाग-पीलीभीत रेलखंड पर मालगाड़ियों का संचालन शुरू हो गया है। यह मालगाड़ी आसाम से लेकर गुजरात और बिहार सहित अन्य प्रांतों तक जा रही हैं। फिलहाल इस रूट पर यात्री ट्रेनों के लिए अभी इंतजार ही करना होगा। विभागीय लोगों के मुताबिक रेलवे बोर्ड की अनुमति मिलने के बाद ही यात्री ट्रेनें चलेंगी। विभागीय लोग ट्रेन संचालन में रैक की कमी होना भी बता रहे हैं।

आमान परिवर्तन के लिए मैलानी से पीलीभीत तक 30 मई 2018 को मेगा ब्लॉक लिया गया। तब से इस रूट पर बंद ट्रेन संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। पिछले छह साल से ट्रेन चलने का प्रतीक्षा कर रहे मुसाफिरों के इंतजार की घड़ियां दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। हालांकि रेलवे ने मैलानी-शाहगढ़ के बीच नौ नवंबर से एक पैसेंजर ट्रेन चलानी शुरू कर दी है। उधर, शाहगढ़-पीलीभीत रेलखंड का 30 व 31 मार्च को सीआरएस निरीक्षण सकुशल संपन्न होने से जिलेवासी ऐशबाग से पीलीभीत एवं बरेली के जुड़ने के जो कयास लगा रहे थे, वह अभी तक सपना ही बना हुआ है। रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के 15 दिन बीतने के बाद भी यात्री ट्रेन संचालन की अनुमति न मिलने से दोनों जनपद के लोगों में मायूसी है।

**एक ट्रेन से यात्रियों का नहीं हो रहा भला :** मैलानी से शाहगढ़ तक एक पैसेंजर ट्रेन चल रही है। यह सुबह सात बजे लखनऊ से चलकर 12:15 पर मैलानी और फिर मैलानी से 12:30 बजे शाहगढ़ के लिए रवाना होती है। यही ट्रेन शाम को फिर से 05:10 शाहगढ़ से चलकर 06:40 पर मैलानी आकर 06:55 लखनऊ के लिए रवाना होती है। ऐसे में आम मुसाफिर से लेकर दैनिक यात्री सिर्फ शाहगढ़ तक ही पहुंच पाते हैं। वहां से जिला मुख्यालय पीलीभीत तक जाने के लिए प्राइवेट वाहनों से मुश्किलों भरा सफर करने के लिए मजबूर हैं।



रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन में बैठने की जद्दोजहद करते मुसाफिर। ● अमृत विचार

● सीआरएस 31 मार्च को निरीक्षण कर ट्रेन संचालन की दे चुके हैं अनुमति

"सीआरएस निरीक्षण की रिपोर्ट गोरखपुर से लेकर रेलवे बोर्ड को भेजी जा चुकी है। वहां से हरी झंडी मिलते ही यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। **-महेश गुप्ता** जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल

- मैलानी-पीलीभीत के बीच मेगा ब्लॉक- 30 मई 2018
- मैलानी-शाहगढ़ के बीच ट्रेन चली- नौ नवंबर 2023
- शाहगढ़-पीलीभीत के बीच सीआरएस ट्रायल- 30 व 31 मार्च

### उम्मीद थी पहले पैसेंजर ट्रेन की, दौड़ने लगीं मालगाड़ी

पैसेंजर ट्रेन न चलाकर मालगाड़ी का संचालन शुरू होने से मुसाफिर ही नहीं, बल्कि विभागीय लोग भी अचंभित है। रेल कर्मियों का कहना है कि रेल संरक्षा आयुक्त की रिपोर्ट सकारात्मक जाने के बाद पहले पैसेंजर ट्रेन चलने की उम्मीद थी, लेकिन रेलवे ने पैसेंजर ट्रेन की जगह मालगाड़ी दौड़नी शुरू कर दी है।

### दूसरे प्रांतों में जा रही मालगाड़ी

लखनऊ से शाहजहांपुर होकर जाने वाली मालगाडियों को अब मैलानी से पीलीभीत होकर निकाला जा रहा है। लखनऊ शाहजहांपुर बरेली रूट पर ट्रेन ट्रैफिक कम करने के लिए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। पिछले दिनों मैलानी से पीलीभीत होकर मालगाड़ी बेहटा (आसाम), नौबिछिया (बिहार) से लेकर गुजरात सहित अन्य प्रांतों के लिए जा चुकी हैं। विभागीय लोगों के मुताबिक लगभग रोजाना रात में लंबी दूरी की मालगाड़ी इस रूट से निकाली जा रही हैं।

### रैक का अभाव भी ट्रेन संचालन में बाधक

विभागीय लोगों के अनुसार ट्रेन संचालन में रैक की कमी बाधक है, क्योंकि जो ट्रेनें चल रही हैं उनमें ही रैक कम पड़ रहे हैं। जैसे कि सुबह के समय मैलानी से लखनऊ जाने वाली पैसेंजर और शाम को गोरखपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में ही यात्रियों की संख्या को देखते हुए रैक कम पड़ रहे हैं। हालांकि ट्रेन संचालन जल्द शुरू होगा। ऐशबाग से मैलानी तक जाने वाली ट्रेनों का संचालन पीलीभीत तक और बरेली से पीलीभीत तक आने वाली ट्रेनों का संचालन मैलानी एवं लखनऊ तक किया जाय।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के द्वारिका नगर में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बौधी खुर्द निवासी रामसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी सोनी की शादी 10 साल पहले गोला के द्वारिका नगर निवासी हरिओम वर्मा के बेटे रोहित वर्मा के साथ की थी। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था।

पीड़ित का कहना है कि उनकी पांच बेटियां हैं अब उनका दामाद रोहित उनकी संपत्ति में हिस्सा मांग रहा है। अभी उन्हें एक बेटी की शादी भी करनी है। उनकी बेटी पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह हिस्सा दिलवाए और जो उन्होंने मकान बनवाया है उसमें जो पांच लाख रुपए का खर्चा आया है वह अपने पिता से लाकर दे। मांग पूरी नहीं कर पाए तो प्रताड़ित किया जाने लगा। 3 अप्रैल को रोहित और सास-ससुर ने सोनी को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। वे उसे घर पर रखने को तैयार नहीं है। रामसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी के ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# साथियों ने मगरमच्छ के जबड़े से युवक को छुड़ाया

संवाददाता, पलिया कलां

● तालाब में साथियों के साथ मछली पकड़ने गया था युवक

**अमृत विचारः** मोहल्ला माही गिरान प्रथम निवासी अली हुसैन शनिवार की शाम घर से कई किलोमीटर दूर अपने साथियों के साथ एक तालाब में मछली पकड़ने गया था। बताते हैं कि वह तालाब के किनारे बैठा था।

इसी बीच मगरमच्छ ने उस पर हमला कर लिया और उसे दबोच कर तालाब के भीतर ले जाने की कोशिश करने लगा। अली हुसैन के शोर मचाने और चीखने चिल्लाने पर साथी पहुंच गए। साथियों ने लाठी-डंडों से मगरमच्छ पर हमला किया। इस पर मगरमच्छ उसे छोड़कर गहरे पानी में चला गया। मगरमच्छ के हमले से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग आसपास के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अली हुसैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया लाए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चलें कि इससे पूर्व भी क्षेत्र के तालाबों में रह रहे मगरमच्छ कई लोगों और पशुओं पर हमला कर चुके हैं। इसमें कई की जानें भी जा चुकी हैं।

# दफनाना चाहते थे परिजन, अधिकारियों ने मनाया

सवांददाता मितौली

● तीन घंटे पुलिस करती रही जद्दोजहद पूर्व विधायक ने भी समझाया

**अमृत विचार :** मितौली क्षेत्र में पकरिया जलालपुर गांव निवासी आसाराम की शुक्रवार रात पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। रविवार को भी आशाराम के शव के अंतिम संस्कार को लेकर माहौल काफी गर्म रहा। परिवार वाले शव को जमींदोज करने की जिद पर अड़े थे, जबकि पुलिस शव को जलाने के लिए समझा रही थी। पूर्व सपा विधायक के हस्तक्षेप और पुलिस अधिकारियों के समझाने पर परिवार के लोग मान गए और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के पकरिया जलालपुर से पांच साल की मासूम बच्ची की गला दबाकर हत्या के मामले में शुक्रवार को पुलिस गांव के ही आशाराम (45) को हिरासत में लिया था, देर शाम उसकी हालत बिगड़ गई थी। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परिवार वालों ने पुलिस पर पिटाई करने और करंट लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल किया था। कस्ता चौराहे पर शव रखकर करीब पांच घंटे तक रास्ता जाम रखा। पुलिस ने सड़क पर लाठियां भांजकर भीड़ खदेड़ी और शव को बमुश्किल पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शव का शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें मौत की वजह साफ न होने पर डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित किया था। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

शनिवार की देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। परिवार वालों ने रात में अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सुबह होने पर परिवार वालों ने शव को जमीदोज करने की तैयारी शुरू की तो पुलिस के कान खड़े हो गए। पुलिस उन पर शव को अग्नि देने का दबाव बना रही थी, लेकिन परिजन इसके लिए कतई तैयार नहीं हो रहे थे। इसको लेकर परिजन व पुलिस कई बार आमने-सामने भी हुई। बाद में मौके पर पहुंचे सपा पूर्व विधायक सुनील लाला ने परिवार वालों से मुलाकात की। उन्हें ढांढस बंधाया। करीब चार घंटे के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार


## वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**


# सड़क हादसों में गई दो युवकों की जान, बालक घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शहर समेत दो स्थानों पर शनिवार की देर रात हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दस साल का बालक घायल हो गया। मृतकों के परिवारीजनों में कोहराम मचा हुआ है।

गांव लटकनियां निवासी मंशाराम वर्मा (45) पुत्र रामहेत शहर स्थित एक शादी हाल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए लिए जा रहे थे। लालपुर चौराहा के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मंशाराम की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौत की खबर परिवार वालों को दी और शव मोर्चरी में रखवा दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक युवक के परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मोर्चरी पहुंच गए। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस चालक को तलाश रही है। दूसरा हादसा शनिवार की देर रात खमरिया-ईसानगर मार्ग पर थाना खमरिया क्षेत्र में हुआ। सीतापुर जिले के थाना तंबौर के गांव रजनापुर निवासी नीरज (28) खमरिया आ रहा था। बाइक पर उसका साला सूरज (10) भी सवार था। थाना खमरिया क्षेत्र में गैस गोदाम के निकट कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए घायल को जिला अस्पताल भेजा, जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे में मौत होने की खबर मिलते ही मृतक के घर चीख पुकार मच गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिवार के लोग शव देख कर बिलख पड़े।

## ग्रामीण ने फंदा लगाकर की आत्महत्या की कोशिश

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव कुरौली में एक ग्रामीण ने फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। इससे परिवार में हड़कम्प मच गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम कुरौली निवासी रामपाल (44) ने अज्ञात कारणों के चलते घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिवार वालों को जानकारी होने पर उनके पुत्र विनीत कुमार ने लोगों की मदद से अपने पिता को नीचे उतरा और तत्काल गंभीर हालत में सीएचसी लाया। जहां प्राथमिक उपचार में रामपाल की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कैनवास पर रंग भरी कूचियों से उकेरते हैं मनभावन चित्र, जिले के चित्रकार पा रहे सम्मान

# ...ऐसे जीवंत हैं चित्र कि जैसे अपनी कहानी खुद कह उठेंगे

विश्व कला दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



डॉ. लखपति राम वर्मा।

**अमृत विचार:** कला का मतलब सौन्दर्यात्मक तरीके से किया जाने वाला कार्य है। हालांकि ललित कलाओं की संख्या पांच हैं, जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, गायन और वादन शामिल है। मगर, कला शब्द सुनते ही मन और मस्तिष्क में सिर्फ चित्रकला की छवि उत्पन्न होती है। जिले में तमाम ऐसे लोग हैं, जिन्होंने कला के बलबूते न सिर्फ मुकाम हासिल किया, बल्कि जिले का कई राज्यों में नाम भी रोशन किया। कृषक समाज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त डॉ. लखपति राम वर्मा की ग्रामीण परिवेश पर बनी पेंटिंग विदेशों में खूब पंसद की गईं। सामाजिक, धार्मिक, नारी सशक्तीकरण, पर्यावरण, शिक्षा उत्थान सहित सामाजिक कुरीतियों पर चित्रकलाओं को उकेरकर सामाजिक संवेदनाओं के लिए प्रेरित करते हुए समाज को संदेश देने वाली पेंटिंग्स कई राज्यों की प्रदर्शनी में सराही गई। इस पर उन्हें कई बार प्रथम पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। पूर्व सीएम अखिलेश यादव वर्ष 2002 में लखपति राम को गोला गौरव का सम्मान दे चुके हैं।

### खुद सम्मानित होकर बच्चों का कर रहे मार्गदर्शन



राजेंद्र कुमार सोनी।



राजेंद्र कुमार सोनी की पेंटिंग।

हरियाणा एवं दिल्ली में बेस्ट आर्टिस्ट अवार्ड से सम्मानित गोला निवासी राजेंद्र कुमार सोनी गरीब बच्चों को ड्राइंग की मुफ्त कोचिंग दे रहे हैं। राजेंद बताते हैं कि हरियाणा में लगी कोबरा आर्ट जोन प्रदर्शनी में दो जहाज वाली पेंटिंग के लिए बेस्ट आर्टिस्ट अवार्ड मिला। इसी तरह दिल्ली सहित अन्य शहरों में आयोजित प्रदर्शनियों में कई बार सम्मान मिला। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय बैचलर ऑफ फाइल आर्ट में कोचिंग के दो बच्चे चयनित हो चुके हैं।

### लोककलाकार के रूम में नगर का बढ़ाया मान



डॉ. स्मिता तिवारी।

गोला निवासी फाइन आर्ट से पीएचडी डॉ. स्मिता तिवारी ने लोककलाकार के रूप में नगर से लेकर जिले का नाम रोशन किया है। इसके अलावा लखनऊ स्मार्ट सिटी योजना के तहत आयोजित प्रदर्शनी में प्रदेश से 80 कलाकारों ने प्रतिभाग किया। इसमें शहर की ऐतिहासिक विरासत को दर्शाती पेंटिंग को लेकर वह दूसरे स्थान पर रहीं। भारतीय संस्कृति और जनजातीय कला नाम की पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है।

### कागज पर कलाकृतियां बनाकर दे रहीं संदेश



अंजली वर्मा।

गोला रोड के उदयपुर निवासी अंजली वर्मा की पहचान पेपर कोलाज पर कलाकृतियां बनाने वालों में हैं। उन्होंने सामाजिक संदेश देती, जिसमें शांति के लिए दुआ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से लेकर प्रकृति की तमाम कलाकृतियां कागज पर उकेर चुकी हैं। अंजली ने अपनी कला का कागज पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नारी शक्ति का प्रतीक मां दुर्गा, विश्वास का प्रकाश, निराशा को क्रोध के गुब्बार से निकालने के लिए चित्र में चीखती महिला, वफादारी, सुरक्षा को दर्शाता कुत्ते का मालिक के प्रति बिना शर्त प्यार, सूरजमुखी की कुछ पंखुड़ियों को बारीकी से काटकर एक्रेलिक पेंट से बनाया गया सुंदर चित्र खोया पाया को दर्शाता है। युद्ध की विभीषिका के दौरान शांति, मानवता, एकता, लंबे स्वस्थ जीवन के लिए दर्शाती दुआ की पेंटिंग्स को लखनऊ में आयोजित आर्ट गैलरी में काफी सराहना मिली है।



डॉ. लखपति राम वर्मा की पेंटिंग।

# पीलीभीत की सुनने को कान लगाए हैं बरेली, आंवला और बदायूं

## पीलीभीत में 19 अप्रैल, बरेली, बदायूं और आंवला में 7 मई, शाहजहांपुर में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत में 19 अप्रैल को चुनाव है और बरेली, बदायूं और आंवला में 7 मई को। मंडल की ही 5वीं संसदीय सीट शाहजहांपुर में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। यह इत्तफाक है कि इस चुनाव में पीलीभीत, बरेली और बदायूं में काफी कुछ हालात एक जैसे हैं। पीलीभीत और बरेली में भाजपा ने पुराने दिग्गजों का पत्ता साफ कर नए चेहरों को उतारा है तो बदायूं में यही काम सपा ने किया है। फर्क बस इतना है कि उसने 2019 में अपने हारे प्रत्याशी का टिकट बदला है। बदले हुए हालात में नए चेहरे पुराने दिग्गजों जैसा प्रदर्शन दोहरा पाए या नहीं, इसका आकलन पीलीभीत में मतदान के रुझान से होगा। यह तय माना जा रहा है कि इस चुनाव के अलग-अलग फैक्टर की वजह से जो चुनावी हवा पीलीभीत से शुरू होगी, उसका असर बदायूं, आंवला और बरेली में भी होगा।

**वरुण गांधी का टिकट कटने का असर :** पीलीभीत में वरुण गांधी 2019 का चुनाव ढाई लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीते थे, लेकिन रोजगार, किसान, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर पार्टी को मुश्किल में डालने वाली बयानबाजी करने की वजह से उनका टिकट काटकर इस बार पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा गया है। बरेली में 75 साल की उम्र पार कर देने की वजह से आठ बार सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट काटा गया है। बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्य की तुलना हालांकि इन दोनों दिग्गजों से नहीं की जा सकती, लेकिन सपा के गढ़ में चुनाव जीतने के श्रेय से उन्हें वंचित भी नहीं किया जा सकता। उनका टिकट उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य की धर्मविरोधी बयानबाजी की वजह से काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को दिया गया है।

पीलीभीत के चुनाव में यह परीक्षण होना है कि दिग्गज नेता का टिकट काटने का जोखिम उठाने का फैसला भाजपा के लिए कितना उचित साबित हुआ। तीसरे चरण के चुनाव में बरेली और बदायूं में भी इस फैक्टर पर निगाह रहने वाली है।

### चुनाव में बिखरेगा या नहीं मुस्लिम वोट

इस चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण फैक्टर मुस्लिम वोटर भी होगा। मुस्लिम वोटों पर सबसे बड़ी दावेदारी इंडिया गठबंधन की है लेकिन बसपा ने पीलीभीत, आंवला और बदायूं में मुस्लिम उम्मीदवार उतारकर साफ कर दिया है कि इस वोट बैंक में वह भी हिस्सा बंटाएगी। मुस्लिम वोटरों के रुझान का नतीजों पर असर पड़ना तय है, इसलिए भाजपा की भी इस पर नजर रहेगी। पीलीभीत में मुस्लिम वोटरों की संख्या 26 प्रतिशत से ज्यादा है। बरेली में करीब 29 और आंवला में करीब 30 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम वोटरों की सर्वाधिक निर्णायक स्थिति यादव बहुल संसदीय क्षेत्र बदायूं में है जहां उनकी संख्या करीब चार लाख है। पीलीभीत में ही बसपा ने सबसे सशक्त मुस्लिम उम्मीदवार अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू को उतारा है जो कई बार विधायक रहने के साथ बसपा सरकार में मंत्री भी रहे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर पीलीभीत में मुस्लिम वोट नहीं बिखरा तो मंडल के बाकी संसदीय क्षेत्रों में भी उसका मतदान एकतरफा ही रहेगा।

### सारे फैक्टरों पर भारी पड़ेंगे मोदी या नहीं

पीलीभीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली हो चुकी है। यहां प्रधानमंत्री का संबोधन धर्म, राम मंदिर और तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर केंद्रित रहा था। इसके अलावा उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा था। रैली में जुटी भीड़ ने भाजपा प्रत्याशी के लिए उम्मीद भी जताई है लेकिन यह मतदान और मतगणना से ही तय होगा कि मोदी का संबोधन इस संसदीय क्षेत्र में सारे मुद्दों पर भारी पड़ा या नहीं।

### टूटफूट, भितरघात और असंतोष का असर

मंडल की पांचों सीटों पर मुख्य लड़ाई भाजपा और इंडिया गठबंधन के तहत मैदान में उतरी सपा के बीच मानी जा रही है। पीलीभीत में दोनों ही पार्टियां टूटफूट, भितरघात और असंतोष की आशंकाओं से जूझ रही हैं। पिछले चुनाव के बाद भाजपा में शामिल हुए एक बड़े नेता को शक की निगाहों से देखा जा रहा है। यह नेता खुद भी टिकट के दावेदार थे। हाल ही में एक क्षत्रिय नेता को मंच से उतारने की वजह से भी असंतोष फैला हुआ है। सपा मुस्लिम अंसारी वोटरों की नाराजगी से जूझ रही है। कुछ पार्टी पदाधिकारियों पर भी प्रत्याशी के चुनावी गुब्बारे की हवा निकालने का आरोप लगाया गया है। उधर, बरेली में संतोष गंगवार का टिकट कटने और फिर मेयर की कथित टिप्पणी पर कुर्मी समाज नाराज है। बदायूं में भी भाजपा और सपा दोनों पार्टियों के अंदर कुछ इसी तरह की हलचल चल रही है। आंवला भी अछूता नहीं है। पीलीभीत में ही 19 अप्रैल को साबित हो जाएगा कि सपा और भाजपा इस पर काबू पाने में कामयाब हो पाईं या नहीं।

### जातिगत समीकरण साधने की कोशिश

लोकसभा चुनाव में यह भी परखा जाना है कि इस बार लोगों ने धार्मिक आधार पर वोट करने में ज्यादा रुचि दिखाई या जातिगत आधार पर। हालांकि अब तक के चुनाव का माहौल साफ बता रहा है कि धार्मिक मुद्दों की गूंज के बीच प्रत्याशी पूरे दमखम से जातिगत मुद्दों को भी साधने में जुटे हुए हैं।

### क्या अहमियत रह गई है मुद्दों की चुनाव में

लोकसभा चुनाव 2024 से जो सबसे बड़ा जवाब मिलना है, वह यह है कि चुनावों में अब आम जनता के गैरधार्मिक मुद्दों की कोई अहमियत रह गई है या नहीं, बरेली मंडल में यह जवाब भी सबसे पहले पीलीभीत से ही मिलना है। काफी दिलचस्प यह है कि बेरोजगारी, महंगाई, एमएसपी और भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दों को पीलीभीत की जनता के बीच भाजपा के ही सांसद वरुण गांधी काफी समय से उठाते रहे थे। अब उनका टिकट काट दिया गया है तो यह देखना और खास हो जाएगा कि जनता पर इसका कोई असर पड़ा या नहीं।

### स्टार प्रचारकों का जादू चला या नहीं

पहले चरण के चुनाव वाली सीटों में शामिल पीलीभीत के प्रचार युद्ध में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सभा इस संसदीय क्षेत्र में हो चुकी है। इसके बावजूद हर दिन कोई न कोई बड़ा नेता जितिन प्रसाद का चुनाव प्रचार करने पीलीभीत पहुंच रहा है। पीलीभीत में यह आम चर्चा है कि वरुण गांधी और मेनका गांधी के रहते भाजपा को इतना जोर पहले कभी नहीं लगाना पड़ा। पीलीभीत में मतदान के रुझान से ही यह पता चलने की उम्मीद है कि भाजपा के इतने जोर लगाने का क्या नतीजा निकला। समाजवादी पार्टी की ओर से पीलीभीत में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ही सभा हुई है। बसपा प्रमुख मायावती की चुनावी रैली का भी कार्यक्रम तय बताया जा रहा है।

## आरटीई : तीसरे चरण में प्रवेश के लिए 15 से होंगे आवेदन

बरेली कार्यालय

- **दूसरे चरण में प्रवेश से वंचित छात्रों के दाखिला कराना प्राथमिकता**

**अमृत विचार :** आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निजी स्कूलों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत तीसरा चरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। अभिभावक 8 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 16 मई को लॉटरी निकाली जाएगी और 23 मई तक प्रवेश होंगे।

अधिकारियों के मुताबिक पिछले चरण में प्रवेश से वंचित रहे छात्रों का प्रवेश प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। पहले चरण में 20 जनवरी से 18 फरवरी के बीच 4590 बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन आए थे, जिनमें 3090 का सत्यापन हुआ था और 318 का प्रवेश रह गया था।

इसके अलावा दूसरे चरण में 1190 बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन हुए थे, जिनमें से 670 का सत्यापन हुआ था और 520 का प्रवेश हुआ था। निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर ही चयनित बच्चों का प्रवेश होता है। चयनित बच्चों को निशुल्क किताबें, स्टेशनरी आदि सभी तरह की शिक्षण सामग्री भी विभाग की ओर से ही मुहैया कराई जाएगी।

### सार-संक्षेप

#### यात्रा पुस्तक का किया विमोचन



**पलिया कलां।** नगर के प्रमुख साहित्यकार व कवि ओमप्रकाश सुमन द्वारा लिखित यात्रा पुस्तक का स्थानीय बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के सभागार में रविवार को विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सक डॉ. एके कपूर, विशिष्ट अतिथि चीनी मिल के यूनिट हेड ओपी सिंह चौहान व पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता ने विमोचन किया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश शुक्ल, राजेश भारतीय, डोरी लाल भार्गव, ओम प्रकाश गौड़, मुकुट बिहारी मिश्र, रत्ना बाजपेई, डॉ. एके अवस्थी आदि मौजूद रहे।

#### अवधेशा कुमारी हत्याकांड: हत्यारोपी पति को भेजा जेल



**निघासन।** थाना पढुआ पुलिस ने गांव परमोधापुर में पत्नी की फावड़े से काटकर हत्या करने के आरोपी का रविवार को चालान भेजा है। गांव परमोधापुर निवासी अयोध्या प्रसाद उर्फ श्रीकृष्ण ने शनिवार की दोपहर करीब एक बजे अपनी पत्नी अवधेशा कुमारी (45) की उस वक्त फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी थी, जब वह टिनशेड के नीचे अपनी भतीजी शिवानी के साथ सो रही थी। बीच बचाव करते समय फावड़ा लगने से भतीजी की भी उंगली कट गईं थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। पास में पड़े खून से सने फावड़े को भी कब्जे में लिया था। पुलिस ने मृतका के भाई थाना निघासन के गांव बौधिया निवासी सुरेश की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि रविवार को पुलिस ने हत्यारोपी का चालान भेजा है।

#### सड़क दुर्घटना में महिला सहित चार घायल

**गोला गोकर्णनाथ।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। नगर के मोहल्ला ऊंचीभूड़ निवासी संध्या सिंह और ऋषभ नारायन बाइक पर जा रहे थे। अज्ञात वाहन की टक्कर सें वह दोनों लोग गंभीर घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया है। रजागंज। लखीमपुर परीक्षा देने पुष्पेन्द्र, मुस्कान निवासी लाल्लहपुर लखीमपुर जा रहे थे। आगे चल रहे बाइक सवार के अचानक मोड़ देने से पुष्पेंद्र की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई जिससे दोनों चोटिल हो गये। तिरूपति फीलिंग स्टेशन मैनेजर विकास, दिनेश कुमार, सर्वेश मिश्रा, सूफी ने घायलों को प्राथमिक उपचार कराकर परिजनों को सूचना दी है।

## अवध असम एक्सप्रेस में सामान्य कोच आरक्षित यात्रियों की छूटी ट्रेन

बरेली कार्यालय


- **सेना के लिए आरक्षित किया गया था सामान्य कोच**

**अमृत विचार :** ट्रेनों में सामान्य कोच कम होने से पहले ही यात्रियों को परेशानी हो रही है। वहीं बरेली जंक्शन पर रविवार को जब अवध असम एक्सप्रेस पहुंची तो सामान्य कोच में बैठने के लिए पीछे की तरफ यात्री पहुंचे लेकिन दो कोच सेना के लिए आरक्षित थे। अंदर से कोच बंद होने से यात्री ट्रेन में बैठ नहीं सके। रेलवे की ओर से यात्रियों को इसकी जानकारी भी नहीं दी गई थी कि पीछे की तरफ सामान्य कोच नहीं हैं, यदि जानकारी होती तो यात्री आगे की तरफ जाकर बैठ जाते।

लालगढ़ से डिब्रूगढ़ को जाने वाली 15910 अवध असम एक्सप्रेस दोपहर 12 बजकर 37 मिनट पर बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची तो यात्री पीछे की तरफ लगे दो सामान्य कोचों में चढ़ने को पहुंचे लेकिन कोचों में अंदर सैनिक थे और उन्होंने दरवाजे बंद कर रखे थे। यात्रियों ने दरवाजे पीटे लेकिन नहीं खुले। ट्रेन के दरवाजे पर सैनिकों के लिए आरक्षित का पोस्टर लगाया हुआ था।

इसके बाद यात्री इंजन की तरफ लगे सामान्य कोच में चढ़ने के लिए दौड़े तब तक ट्रेन चल पड़ी और काफी यात्रियों की ट्रेन तक छूट गई। रेलवे की ओर से सेना के लिए कोच आरक्षित करने के बाद किसी प्रकार की उद्घोषणा भी नहीं कराई गई। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक कोच सेना के लिए आरक्षित था। जहां से ट्रेन बनकर चलती है वहीं से कोच आरक्षित किया जा जाता है। कई बार अतिरिक्त कोच भी लगाए जाते हैं। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह के बताया कि एक साथ दो कोच आम तौर पर सेना के लिए आरक्षित नहीं किए जाते हैं।

## मां कात्यायनी का पूजन कर भक्तों ने की मंगल कामना



संकटा देवी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** नवरात्र का छठा दिन मां दुर्गा की छठी शक्ति मां कात्यायनी को समर्पित है। रविवार को भक्तों ने विधिवत पूजन कर मंगलकामना की। मां का पूजन करने के लिए जिले भर के देवी मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। देवी मंदिर दिन भर माता के जयकारों से गुंजायमान रहे। शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण इनका नाम कात्यायनी रखा गया।

## पतंग लूटने की कोशिश में ट्रेन से कटकर दो बच्चों की मौत

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- **सीबीगंज के महेशपुर गांव के पास रविवार शाम हुआ हादसा**

Zसीबीगंज क्षेत्र में महेशपुर गांव के पास रविवार शाम पतंग लूटने की कोशिश में दो बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जीआरपी और थाना पुलिस ने बच्चों के शवों को रेलवे ट्रैक से हटाया। बच्चों की पहचान गांव मिलक महमूदपुर निवासी फैज (12) और महेशपुर निवासी साजिद (8) के रूप में हुई है।

बाकरगंज और महेशपुर गांव के बीच में बच्चे रेलवे लाइन के पास पतंगबाजी करते हैं। वहां पर रविवार शाम 7 बजे कुछ बच्चे पतंग उड़ा रहे थे और कुछ खेल रहे थे। इस दौरान एक पतंग कट गई। पतंग लूटने की कोशिश में दो बच्चे रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। इसी दौरान अप लाइन पर ट्रेन आ गई और उससे कटकर दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने सीबीगंज स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जीआरपी और सीबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान अप लाइन पर आ रही एक मालगाड़ी को बाकरगंज के पास रोक दिया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर दोनों बच्चों के शवों की शिनाख्त कराई। दोनों की पहचान फैज और साजिद के रूप में हुई। साजिद गांव में ही कक्षा दो का छात्र था। वह दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। साजिद की मां शबनम का रोरो कर बुरा हाल हो रखा है। सीबीगंज थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि दोनों बच्चों की पतंग लूटने की कोशिश में ट्रेन से कटने से मौत हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 25 श्रमिक अभी नहीं जा सकेंगे इजराइल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** इजराइल जाने वाले श्रमिकों के मंसूबों पर पानी फिर गया है, क्योंकि सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में तनातनी है। इसकी वजह से केंद्र सरकार ने इजराइल जाने वालों से वहां न जाने की अपील की है।

बता दें कि जिले के 15 श्रमिक इजरायल जा चुके हैं। जबकि 25 लोग जाने की कतार में हैं। इस बीच भारत सरकारी की ओर से इजराइल न जाने का फरमान सुनाए जाने से श्रमिक मायूस भी हैं और खुश हैं। एक श्रमिक ने बताया कि सोचा था विदेश जाकर पैसा कमाएंगे। वहां जाकर फंसने से घर रहना ज्यादा बेहतर है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि करीब 15 लोग इजराइल जा चुके हैं। जबकि 25 लोगों की सूची तैयार है। इनको इजराइल भेजना है कि नहीं इस संबंध में विभागीय आदेश तो नहीं मिला है। मगर, केंद्र सरकारी की ओर से जारी आदेश सुना जरूर है।

# धूप होने लगी विकराल, अब तो स्कूल का बदल दें समय

संवाददाता, संसारपुर/लखीमपुर खीरी



शनिवार को छुट्टी के बाद धूप से बचाव को सिर पर बस्ता रखकर घर जातीं छात्राएं।



शनिवार को चिलचिलाती धूप में घर जाते बच्चे। ● अमृत विचार

- **धूप से बचाव के लिए छात्र-छात्राएं कर रहे तरह तरह के जतन**

**अमृत विचार:** सूरज की तपिश दिन पर दिन बढ़ रही है। इससे हीटवेव का खतरा मंडराने लगा है। इसको लेकर डीएम ने एडवाइजरी जारी कर स्कूलों का समय बदलने के निर्देश दिए हैं, जिससे भीषण गर्मी के पहले बच्चे स्कूल से घर पहुंच जाएं। मगर, एसी में बैठने वाले साहब को न तो चिलचिलाती धूप का एहसास है और न ही आसमान से बरसती आग के बीच बच्चों के घर जाने का दर्द पता है। बीएसए का कहना है कि हीटवेव की स्थित बनने पर ही स्कूलों का समय बदलेगा।

जिल में कक्षा एक से लेकर आठवीं तक के कुल 3106 सरकारी स्कूल हैं। इनमें करीब साढ़े पांच लाख छात्र छात्राएं पढ़ते हैं। जो सुबह आठ बजे स्कूल जाकर दोपहर दो बजे छुट्टी होन पर घर आते हैं। इस समय दोपहरी में गर्म हवाएं चेहरे को झुलसाती हैं। तेज धूप होने की वजह से शनिवार दोपहर अधिकतम तापामान 39 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन पर दिन धूप की तेजी से हीटव वेव का खतरा बनने लगा है। इसकी संभावना को देखते हुए शासन के निर्दो पर जिला प्रशासन ने बचाव की एडवाईजरी जारी कर स्कूलों का समय बदलने के निर्देश दिए हैं। इस पर अन्य जनपदों में स्कूलों का समय बदल भी गया है। मगर, जिले के विभागीय जिम्मेदारों का कहना है कि एडवाइजरी बचाव के लिए जारी हुई। मगर, धूप अभी इतनी तेज नहीं है कि समय में बदलाव हो। जब गर्मी बढ़ेगी तब समय भी बदल दिया जाएगा।

**अन्य जिलों में बदला स्कूलों का समय :** बेसिक शिक्षा अधिकारी भले ही गर्मी न होने का दावा कर रहे हों। मगर, धूप की तेजी में हीट वेव के खतरे को भांपते हुए अन्य जिलों में बेसिक स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। वहां पर स्कूल सुबह 07:30 से दोपहर 12:30 बजे तक खुलेंगें। जबकि अभी तक सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक स्कूलों में हो रही थी पढाई।

### धूप से बचने के लिए सर पर बस्ता रखकर जाते बच्चे

अधिकारियों को भले ही गर्मी का एहसास न हो रहा है। मगर, दोपहर दो बजे की तेज धूप से बचने के लिए छात्र छात्राएं तरह तरह के जतन कर रहे हैं। शनिवार को छुट्टी होने के बाद छात्राएं सिर पर बस्ता रखकर धूप से बचाव करते दिखे।

> हीट वेव को लेकर एडवाईजरी जारी की गई है कि लोग सावधान रहें। फिलहाल अभी इतनी तेज धूप नहीं है कि स्कूलों का समय बदल दिया जाए। जब हीट स्ट्रोक की स्थित आएगी तब समय बदल देंगे।
>
> **-प्रवीण कुमार तिवारी,** बीएसए

### गत चार दिन का तापमान

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 13 अप्रैल | 39 | 22 |
| 12 अप्रैल | 38 | 20 |
| 11 अप्रैल | 37 | 19 |
| 10 अप्रैल | 37 | 17 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में

### जिले में बेसिक के सरकारी विद्यालय

- प्राथमिक स्कूल- 1973(एक से पांच)
- उच्च प्राथमिक स्कूल-727(एक से आठ)
- संविलियन स्कूल- 406 (छह से आठ)
- वित्तविहीन बेसिक स्कूल-836(एक से आठ)
- सरकारी स्कूलों में पंजीकृत छात्र छात्राएं- करीब साढ़े पांच लाख

**GENERAL NOTICE**

General Public is hereby informed that Smt. Kusma Devi W/o Shri Dinesh Kumar R/o Village Kyara Tehsil & Distt. Bareilly has apply to loan from Ummed Housing Finance Ltd. Lost one original Registered Sale deed dated 08.09.2020 registered in the book No. 1 Jild 1 11858 Page 315 to 344 at No. 7634 SRO Sadar Bareilly executed by Neeraj Mishra W/o Shri Prabhakar Mishra R/o 35/B/5 Rampur Bagh Bareilly as POA of Smt. Ganga Devi & Others in favour of Smt. Urmila W/o Shri Mukesh R/o Bukhara Road Umarsiya Tehsil & Distt. Bareilly regarding The Plot No. 21 Area 68.56 Sq.Mtr. Part of Gata No. 52 Village Umarsiya Tehsil & Distt Bareilly. Lost information reported to the Police. Please return to undersign if find anyone or submit written objection if anyone having any claims over said property within 10 days from the date of publication of this. Its use by anyone is illegal.

**Mr. Sushant Saxena Advocate**
**Add. 872 Chandra Niwas Bhoor**
**Opposite KMV Degree College Bareilly**
**Mob.: 9837205613**

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कुसमा देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी ग्राम क्यारा तहसील व जिला बरेली ने अपने एक किता प्लाट नं. 21 रकबा 68.56 वर्गमी गाटा सं. 52 का भाग ग्राम उमरसिया तहसील व जिला बरेली को उम्मीद हाउसिंग फाइनेन्स लि. बरेली ने बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु लोन का आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता मूल बैनामा दिनांकित 08.09.2020 जो कि नीरज मिश्रा मुख्त्यारेआम श्रीमती गंगा देवी व अन्य ने श्रीमती उर्मिला के हक में जिसकी की रजिस्ट्री बही नं. 1 जिल्द 11858 पेज 315 से 344 नं. 7634 सदर बरेली में हुई है बाबत एक किता प्लाट नं. 21 रकबा 68.56 वर्गमी गाटा सं. 52 का भाग ग्राम उमरसिया तहसील व जिला बरेली, कहीं खो गया है। जिसकी सूचना 28.03.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाश के 10 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**सुशान्त सक्सेना, एडवोकेट**
**872, चन्द्र निवास भूड़**
**कन्या डिग्री कालेज के सामने, बरेली।**
**मो. 9837205613**

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित:॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है,जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्ज़ों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

# वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर



अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया,पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।



आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं,बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता,पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं,लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं,लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना,पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई,क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता,धर्म,नस्ल,जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला,अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया,पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा,लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा,लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबस बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम,1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं,बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता,पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

## प्रसंगवश

# जिंदगियां बदलता मोबाइल



संजय वर्मा
इंदौर

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया,तब भी बोलता नहीं था,जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है,वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे,चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं,मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो,जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है,परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए।

इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं,इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा,रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

# बरी-बरी में नौन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज को विच्छिन्न करके,उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है,वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं,इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया,वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं,उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती,कभी-कभी अनूठौ और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है,तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना,मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है,लेकिन वह प्रच्छन्न थी,सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी,कहीं न कहीं समष्टि का भाव था,लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता,किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है,उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी,बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक,मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है,उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो,इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है,लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था,नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके,उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें,जो भी कहें,कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है,बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है,राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

## सोशल फोरम

# दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।

धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं,क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है?क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण,यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं,उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

**-फेसबुक वॉल से**

# बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्या केंद्रों में अधिकांशत: यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे,जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं,जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति,पाठ्यचर्या,पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है,जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा,उनका सीखना उतना ही सहज,सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां,इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है,बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

# सनातन परंपरा की झलकियां



डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में,रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित,मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है,परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध,युवा, महिला,नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर,साड़ी-लुंगी,प्रसाद-फूल,होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास,आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर,धक्कामुक्की,दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू,मलयालम,बांग्ला,ओड़िया भाषियों की)अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं,अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।

# आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?



बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

## सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज़ किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्त्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।



## मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।

## डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

## सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

## मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ. भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

---

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

# पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

चुनाव डेस्क

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने ड॥. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

**2009** में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

**1991** में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते



## सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

## आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

**2019 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बसपा | दानिश अली | 6,01,082 | 51.41 |
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर | 5,37,834 | 46.01 |
| कांग्रेस | सचिन अग्रवाल | 12,150 | 1.75 |

**2014 का परिणांम**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर | 5,28,880 | 48.26 |
| सपा | हुमेरा अख्तर | 3,70, 066 | 33.82 |
| बसपा | फरहत हसन | 1,62,983 | 14.87 |
| रालोद | राकेश टिकैत | 9,540 | 0.87 |

**2004** में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

### अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण

| | | |
|---|---|---|
| 40% मुस्लिम | 13 % जाटव | 08 % राजपूत |
| 07 % जाट | 05 % सैनी | 05 % गुर्जर |
| 22 % अन्य | | |

## तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा कबिज

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटों में गढ़ मुक्तेश्वर, धनौरा, हसनपुर पर भाजपा का कब्जा है, जबकि नौगावां सादात व अमरोहा पर सपा काबिज है। इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों में तीन पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे। गढ़ मुक्तेश्वर से हरेंद्र सिंह तेवतिया जीते थे।

## कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

## डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

## दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।



हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

# तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

**भोपाल- सिहोर संसदीय सीट**

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।



आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

# हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

**चंडीगढ़।** चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

# भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



## करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम, महरौली, छतरपुर, देवली, अंबेडकर नगर, संगम विहार, कालकाजी, तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

## अपनी ढपली अपना राग


कांग्रेस, सपा, बसपा सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कोई अलग नहीं है, ये वोटों के सौदागर हैं। चुनाव के समय दिखेंगे बाकी संकट के समय गायब हो जाएंगे।

**योगी आदित्यनाथ**


बागडोर चाय बेचने वाले के हाथ में देंगे तो वह सिर्फ बेचेगा ही। कमाकर कुछ नहीं लाएगा। उसी तरह, आज हमारा देश बेचा जा रहा है। सीधा फायदा देने वाली संस्थाएं को निजी हाथों को सौंपा जा रहा है।

आदित्य यादव


मैं अखिलेश यादव के सम्मान में जनसभा में जाऊंगा। लेकिन पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए चुनाव प्रचार नहीं करुंगा। लोग निराश हैं, अगर मैं प्रचार करुंगा तो उन्हें फिर से निराशा होगी।

**एसटी हसन**


लोगों ने चौधरी चरण सिंह के काम को देखा और अब नया काम देख रहे हैं। भारत रत्न मिला तो लोगों के अंदर उत्सुकता पैदा हुई है।

**जयंत चौधरी**


पूर्वांचल की सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने को भाजपा का दावा घमंड जाहिर करता है। इस घमंड को ही काशी और पूर्वांचल की जनता चूर-चूर करेगी।

अजय राय

# कानून-व्यवस्था व बेरोजगारी, पक्ष-विपक्ष में युद्ध जारी

- **सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहे योगी के भाषणों की विपक्ष ने निकाली काट**
- **उप्र. में भाजपा बेहतर कानून-व्यवस्था को बना रही मुद्दा**
- **इंडी गठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेर रहा**

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी भाषण उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात तथा जम्मू-कश्मीर की सभाओं में योगी के भाषण खूब सुने जा रहे हैं। आलम यह है कि योगी का 10 दिन पुराना भाषण भी सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंड पर है। भाषणों को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

ऐसे में विपक्ष ने (इंडिया गठबंधन) भाजपा को रोजगार के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। हालांकि विपक्ष द्वारा उठाया गया रोजगार का मुद्दा सोशल मीडिया पर सामान्य ट्रेंड पर ही है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के भाषणों की काट के लिए पूरा विपक्ष योगी को रोजगार के मुद्दे पर घेरने के लिए एकजुट हो गया है।



### आजम, अतीक और मुख्तार तीनों करेंगे नैया पार

एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ अन्य प्रदेशों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक मॉडल की तरफ पेश कर रहे हैं, वहीं यूपी के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रणनीतिक तरीके से आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर केंद्रित भाषणों को प्रयोग कर रहे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों द्वारा हर मंच से अधिकतर तीन ही नाम लिए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का आकलन है कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए यह तीन नाम पर्याप्त है। संभवत: इसीलिए दोनों उपमुख्यमंत्री, यहां तक कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी इन्हीं तीन नामों का प्रयोग मंच पर कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार ने विगत साढ़े छह साल में सैकड़ों अपराधियों का नामो-निशान मिटा डाला। फिर भी भाजपा को रणनीतिक दृष्टि से यही तीन नाम अधिक रास आ रहा है।

### मंच से शुरू किया गरजना

अखिलेश बेरोजगारी पर केंद्रित, पीडीएम अन्य मुद्दों पर इंडी गठबंधन की चुनावी सभाओं पर गौर करें तो कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई उल्लेखनीय साझेदारी मंच पर नहीं की गई है, लेकिन सपा से अखिलेश यादव ने मंच पर गरजना शुरू कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अखिलेश द्वारा की गई सभाओं में वह कानून व्यवस्था को नजरअंदाज कर सरकार को बेरोजगारी पर घेरते नजर आ रहे हैं। सपा से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह योगी को कानून व्यवस्था पर सोशल मीडिया पर शाबाशी मिल रही है उस तरह अखिलेश को बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाकर घेरना ठीक प्रतीत हो रहा है। इसीलिए अखिलेश प्रत्येक मंच पर युवा, भविष्य और बेरोजगारी पर केंद्रित हैं। उधर, असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाया गया गठबंधन पीडीएम सामान्यत: कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना कर रहा है। इसमें कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी के अलावा पीडीए के अधिकार और शिक्षा, स्वास्थ्य भी शामिल है।

### कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊः** लोकसभा चुनाव को लेकर उप्र. कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मो. शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ. शरद शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

# देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन

- **भाजपा के संकल्प पत्र की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रशंसा**
- **बोले योगी मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के रविवार को जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।योगी ने कहा विपक्ष आधार हीन हो चुका है, उनके नेताओं को ही अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं रह गया है, ऐसे में कई पुराने नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं, क्योंकि वे यह जान चुके हैं कि इन पार्टियों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

योगी ने कहा कि सारे विपक्षी एकजुट होकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनका कोई भी दांव नहीं चलने वाला जिससे वे पूरी तरह से हताश हो चुके हैं।

### बसपा से सुल्तानपुर सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम आया सामने

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर सीट के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। रविवार को बसपा की ओर से इस सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम सार्वजनिक किया गया। सुल्तानपुर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदय राज वर्मा के नाम का एलान किया गया। इस कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि काफी मंथन के बाद उदय राज के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले पार्टी छह नामों पर चर्चा कर रही थी।

**2019 में आरक्षित 17 सीटों में 15 पर भाजपा व दो पर बसपा ने किया था कब्जा**

# आरक्षित सीटों पर सेंध लगाने की तैयारी में इंडी गठबंधन

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 में इंडी गठबंधन प्रदेश में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 17 सीटों में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 15 सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

प्रदेश में आरक्षित सीटों में नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, मोहनलालगंज, इटावा, जालौन, कौशांबी, बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव, लालगंज, मछलीशहर व रॉबर्ट्सगंज शामिल हैं। पहले चरण में नगीना आरक्षित सीट पर चुनाव होना है, जबकि दूसरे चरण में बुलंदशहर सीट है। पिछले चुनाव में बसपा ने नगीना सीट जीत ली थी। बसपा के गिरीश चंद्र ने भाजपा प्रत्याशी डॉ यशवंत सिंह को हराया था। जबकि 2014 के चुनाव में यशवंत सिंह ने यह सीट जीती थी।

इस बार भाजपा अपनी खोयी सीट पाने के लिए ओम कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने मनोज कुमार को चुनावी जंग में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद नगीना सीट से प्रत्याशी हैं। हाल ही में राष्ट्रीय समाज शोषित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने चन्द्रशेखर को समर्थन देने की घोषणा की है।

दूसरे चरण की बुलंदशहर सीट पर इस बार बसपा ने गिरीश चन्द्र जाटव, भाजपा से डॉ भोला सिंह व इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शिवराम वाल्मीकि को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भाजपा के भोला सिंह ने बसपा के योगेश वर्मा को पराजित किया था।


इसी तरह, लालगंज सीट पर बसपा की संगीता आजाद ने भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। इस बार चुनाव में भाजपा सभी आरक्षित सीटों को जीत हासिल करने की कोशिश में हैं, वहीं बसपा जीती हुई दो सीटों के अलावा अन्य सीटें जीतना चाह रही है।

### इंडी गठबंधन कर रहा साझा रणनीति पर कार्य

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने अपनी साझा रणनीति के जरिये आरक्षित सीटों पर विजय हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोक दी है। समन्वय सम्मेलनों के जरिये इंडी गठबंधन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। भाजपा सरकार की खामियां बताने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगा हुआ है।

### 2014 में भाजपा ने जीती थीं सभी 17 सीटें

वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था, इस बार भाजपा अपने 2014 के इतिहास को दोहराना चाह रही है।



# स्मृति इरानी ने कर दिया था आसमां में सुराख

**2019 में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को पराजित कर रचा था इतिहास**

परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचार:** गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि वहां से राहुल गांधी को हराया भी जा सकता है।

अमेठी के लोकसभा चुनाव में अपने पहले मुकाबले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जमीन हिलाने वाली स्मृति इरानी ने दूसरी भिडंत में ही असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हुए इतिहास रच दिया था। 2019 में अमेठी का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने दुष्यंत का शेर ट्वीट किया था, 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता'।

स्मृति का औपचारिक राजनीतिक जीवन 2003 में तब शुरू हुआ जब वे भाजपा में शामिल हुईं। 2004 मे वह महाराष्ट्र में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर और ओहदा बढ़ता गया।

टीवी सीरियल से तुलसी के रूप में लोकप्रिय हुई स्मृति इरानी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी में असंभव लक्ष्य को भेदने के लिए कदम रखा था। 2014 में उन्हें राहुल गांधी से 1,07,903 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़े हिलाने में उनको सफलता मिल गई।

हार के बावजूद उन्होंने अमेठी को नहीं छोड़ा। आखिरकार अमेठी की 'दीदी' के रूप के खुद को स्थापित करने में उनको सफलता मिली और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए उन्होंने कांग्रेस के ही गढ़ में उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया। अब लगातार तीसरी बार स्मृति फिर से चुनावी मैदान हैं।



### कठिन लक्ष्य हासिल करना रही है खासियत


केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताते हैं कि चुनौती भरे कठिन लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करना केंद्रीय मंत्री की खासियत है। अमेठी की दीदी के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों से उनका पारिवारिक रिश्ता जुड़ गया है।

### चुनावी मैदान में थे 28 प्रत्याशी

2019 के चुनाव में कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राहुल और स्मृति के बीच ही था। 3940 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया था।


## आईना : अमेठी लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| स्मृति ईरानी | 468,514 |
| राहुल गांधी | 413,394 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 408,651 |
| बीजेपी | स्मृति ईरानी | 300,748 |
| बसपा | धर्मेन्द्र प्रताप सिंह | 57,716 |
| आप | डॉ. कुमार विश्वास | 25,527 |

**2019 नोटा** 3,940


**2014 नोटा** 1,784

### पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

| विस | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| तिलोई | मयंकेश्वर शरण सिंह | भाजपा |
| जगदीशपुर | सुरेश कुमार | भाजपा |
| गौरीगंज | राकेश प्रताप सिंह | सपा |
| अमेठी | महाराज प्रजापति | सपा |
| सैलून (रायबरेली) | अशोक कुमार | भाजपा |

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1967 व 71 | विद्याधर बाजपेयी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | संजय गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1981,84,89 व 91 | राजीव गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 व 96 | सतीश शर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1998 | संजय सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | सोनिया गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2004,09 व 14 | राहुल गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2019 | स्मृति ईरानी | भारतीय जनता पार्टी |




### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 464,195 |
| बसपा | आशीष शुक्ला | 93,997 |
| बीजेपी | प्रदीप कुमार सिंह | 37,570 |

### 2004 चुनाव के परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 390,179 |
| बसपा | चंद्र प्रकाश मिश्रा | 99,326 |
| बी जे पी | राम विलास वेदांती | 55,438 |

# नरसिम्हाराव ने रत्ना से किया था मंत्री बनाने का वादा

- **लालगंज में हुई थी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी उदयराज को हराकर रत्ना ने जीता था चुनाव**
- **1996 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने जनसभा में कही थी बात**

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सिम्बल पर तीन बार सांसद निर्वाचित होने वाली राजकुमारी रत्ना सिंह को 1996 के चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने मंत्री बनाने का वादा जनसभा में सार्वजनिक रूप से किया था। चुनाव रत्ना सिंह ने जीत भी लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण रत्ना मंत्री नहीं बन सकीं।


पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह के निधन के बाद 1996 में उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा था। जिसमें कुल 41 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित उदय राज मिश्र, जनता दल ने प्रयागराज के भोला सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लालगंज के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में राजकुमारी रत्ना के समर्थन में चुनावी जनसभा थी। जिसमें प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने लोगों को संबोधित किया था। अपने चुनावी भाषण में उन्होंने जनता से वादा किया था कि आप लोग रत्ना सिंह को चुनाव जिताकर भेजिए, उन्हें मंत्री बनाने का कार्य हम करेंगे। परिणाम आया तो राजकुमारी रत्ना सिंह चुनाव जीत गईं। हालांकि केंद्र में सरकार बदल गई। इस कारण से वह मंत्री नहीं बन सकीं और नरसिम्हा राव का वादा पूरा नहीं हो सका।


रत्ना सिंह।

पूर्व सांसद राज कुमारी रत्ना सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके साथ उनकी मां रानी नीलिमा सिंह भी साथ थीं। संयोग ही कह सकते हैं कि इस चुनाव के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनाए गए थे। हालांकि यह अल्पकालिक सरकार रही। दो सप्ताह बाद संयुक्त मोर्चा गठबंधन संसदीय बहुमत हासिल करने में सफल रहा और जनता दल के एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनाए गए थे।


### 1996 के लोकसभा चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार |
|---|---|
| कांग्रेस | राजकुमारी रत्ना सिंह |
| भाजपा | उदय राज मिश्र |
| जनता दल | भोला सिंह |
| बसपा | बशीर पहलवान |




# 11 बार कायम रहा राजघरानों का दबदबा, इस बार नहीं दिख रहा दखल

प्रतापगढ़ संसदीय सीट की सियासत में राजघरानों की बात करें तो 17 चुनाव में 11 बार इनका ही दबदबा रहा है। वर्ष 1962 में प्रतापगढ़ राजघराने के राजा अजीत प्रताप सिंह भारतीय जनसंघ से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967,1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजा अजीत प्रताप सिंह,1984, 1989 में इसी पार्टी से राजा दिनेश सिंह,1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद चुने गए। उसी राजघराने के अभय प्रताप सिंह के पुत्र राजा अनिल प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा के सक्रिय नेता हैं। प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा के प्रबल दावेदार थे, हालांकि भाजपा ने मौका नहीं दिया। 1996 व 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह सांसद चुनीं गईं। वर्ष 2004 में राजा भैया के चचेरे भाई जामो,अमेठी राजघराने के अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी समाजवादी पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1999 में राजकुमारी रत्ना सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। इस बार संयोग ऐसा है कि 11 बार सांसद निर्वाचित होने वाले राजघरानों की इस बार के चुनाव में किसी दल ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। शायद यही वजह है कि चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से राजघरानों की दखल दिखाई नहीं पड़ रही है।



## चुनावी गतिविधियां

- **यह तो चुनाव का चक्कर है, क्या बोल गए लल्लू? :**

भाजपा से फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कब का और कहां है इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लल्लू सिंह कह रहे हैं कि संविधान में संशोधन करना होगा और बहुत सारे काम करने हैं। लल्लू सिंह बोले, सरकार तो 272 सीटों पर ही बन जाती है, लेकिन संविधान संशोधन करने के लिए दो तिहाई सीटों की जरूरत होती है। लल्लू सिंह के इस बयान का जब वीडियो वायरल हुआ तो विपक्षी पार्टियों ने भी उन्हें घेरते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

- **मोदी के सामने किन्नर महामंडलेश्वर :**

वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी की भी चर्चा कम नहीं। फिलहाल हिमांगी सखी का कहना है कि उनके ऊपर उनके ही लोग हमला कर सकते हैं। कहतीं हैं, उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि वाराणसी में उनके साथ कुछ गलत हो सकता है। उनका कहना है कि लोग चाहते हैं कि वह वाराणसी से चुनाव न लड़ें। किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के मुताबिक, अर्धनारीश्वर की नगरी से हुए अर्धनारीश्वर का आशीर्वाद लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

# सड़क पर कार लगाकर शराब से नहाते युवकों का नशा पुलिस ने उतारा



बीच सड़क कार के ऊपर शराब से नहाता एक युवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, प्रयागराज

● 24 हजार 500 का काटा चालान कर गाड़ी किया सीज़

**अमृत विचार :** शहर में लोगों को हैरान कर देने वाला ऐसा वीडियो सामने आया है जिसे आप देखकर दंग रह जाएगे। वीडियो में गाड़ी के सनरूफ पर बैठकर दो युवक एक-दूसरे को शराब से नहलाने का काम कर रहे हैं।

प्रयागराज रेलवे जंक्शन के गेट नंबर-2 के सामने एक कार के ऊपर सनरूफ खोलकर दो युवक बैठ गये। दोनों एक-दूसरे पर शराब उड़ेल रहे थे और शराब से दोनों एक-दूसरे को नहला रहे थे। खुलेआम सड़क पर इस तरह की हरकत करते हुए दोनों को न पुलिस का डर था और न ही कानून का खौफ। मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही पुलिस ने दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच की है। वीडियो में दिख रही गाड़ी फतेहपुर की है। पुलिस ने गाड़ी की पहचान करते हुए 24 हजार 500 रुपये का चालान काटा है। पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया है।

## प्रेमी ने प्रेमिका को वीडियो कॉल कर लगाया फंदा

**लखनऊ/बीकेटी, अमृत विचार :** बीकेटी में छह माह से प्रेमिका के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे अंशु शुक्ला (23) फंदा लगाकर जान दे दी। आत्मघाती कदम के पहले उसने प्रेमिका को वीडियो कॉल किया था। जानकारी होने पर पुलिस प्रेमिका से पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, सीतापुर जनपद के महोली निवासी अंशु शुक्ला ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी में काम करता था। बीकेटी में किराए के कमरे में रहता था। उसके साथ शाहजहांपुर की युवती भी रहती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों पति-पत्नी के रूप में रहते थे।

शनिवार रात को अंशु कमरे पर पहुंचा तो प्रेमिका नहीं थी। उसे कॉल किया तो पता चला कि मड़ियांव में बड़ी बहन के घर गई है। उसने कमरे पर आने को कहा, तो प्रेमिका ने मना कर दिया। नाराज अंशु ने वीडियो कॉल किया और धमकी देने लगा। रात करीब 12 बजे दोबारा वीडियो कॉल कर छत में लगे पंखे से फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया।

# अतीक की बेनामी संपत्ति का हुआ बड़ा खुलासा: गुर्गों ने किया खेल

## दो श्याम जी के नाम मिली रजिस्ट्री, पुलिस दोनों से कर रही पूछताछ

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** अतीक की बेनामी संपत्ति मामले में उसके गुर्गों का एक बड़े खेल का खुलासा हुआ है। इस खुलासे में श्याम जी नाम के दो व्यक्तियों का नाम सामने आया है। मजदूरी का काम करने वाले इन दोनों के नाम करोड़ों की संपत्ति मिली है। पुलिस अब दोनों श्याम जी से पूछताछ के साथ जांच कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक पुलिस की जांच में अतीक के संपत्ति को लेकर एक और चौंकाने वाला बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपियों ने बेनामी संपत्ति के इस खेल के लिए एक ही नाम के दो अलग-अलग व्यक्तियों को शामिल किया है। इनमें से एक सफाईकर्मी श्याम जी है तो दूसरा श्यामजीत पुत्र भोरीलाल दिहाड़ी मजदूरी करने वाला महेवा पश्चिमपट्टी नैनी रामनगर है। इसके नाम से भी जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है। इसके नाम पर सरायइनायत में एक जमीन संबंधी दस्तावेज पुलिस को मिले हैं। अफसरों का कहना है कि इसकी भी जांच की जा रही है। वहीं श्यामजी का बयान भी दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वादी का आरोप है कि आरोपियों ने एक ही नाम के दो व्यक्तियों को खुद के बनाए प्लान से तलाश किया है। पहले उन्होंने अपने घर में सफाईकर्मी श्याम जी के नाम पर जमीनें खरीद लीं। बाद में उन्हें लगा कि यह बदल जाएगा तो उन्होंने इसी नाम के एक और जिवयकति श्याम जीत को तलाश करना शुरु कर दिया। वादी का कहना है कि ऐसा इसलिए किया कि कभी एक उनके खिलाफ हो जाए तो दूसरे के जरिये संपत्तियों को अपने नाम करा सके। फिलहाल, पुलिस अब दोनों श्याम जी से पूछताछ कर रही है। इस संबंध में दीपक भूखर, डीसीपी नगर ने बताया कि अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों के लिए आठ हजार महीने है पगार पाने वाले सफाईकर्मी श्यामजी सरोज के नाम से जमीनें होने के सबूत पुलिस को मिले है। फिलहाल नैनी, फूलपुर व हंडिया तहसील में उसके नाम पांच जमीनें होने का पता चला है। दूसरे श्याम जीत के नाम के पर भी जमीनें रजिस्ट्री कराई है। उससे भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल उसके नाम पर एक जमीन की बात सामने आई है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

### जावेद की पत्नी रेहाना ने पति-देवर को बताया बेगुनाह

जावेद की पत्नी रेहाना जावेद ने पति और देवर को बेगुनाह बताया है। उसने पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र दिया है कि श्याम जी व एक अन्य के साथ मिलकर उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही हैं। 10 अप्रैल को श्यामजी की शिकायत पर उसके कर्मचारी अश्फाक व श्यामजीत को पुलिस पकड़कर अपने साथ ले गई थी।

## सार-संक्षेप

### कैलाश मठ के स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन



**वाराणसी,अमृत विचार :** कैलाश मठ (काशी) के श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रीय ब्रह्मनिष्ठ स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनका इस लोक का त्याग करना समस्त संत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्षों में बीता। उनका जन्म गुजरात के विलोदरा शहर मे हुआ था। उन्होंने गुजरात पुलिस के रूप में भी सेवा प्रदान की। उन्होंने बुद्ध और श्री गुरु गोविंद सिंह की धरती मगध (बिहार) में गंगा के पवित्र तट पर दृढ़ विश्वास के प्रतीक वट वृक्ष के नीचे 12 वर्षों तक तपस्या की और फिरअपना जीवन भिक्षाटन करके जिया तथा लोगों को गीता का उपदेश देते रहे। उसके पश्चात स्वामी जी काशी आ गए। उनकी संत सेवा भावना से प्रभावित होकर निवर्तमान महामण्डलेश्वर ने यह आश्रम उनको सौप दिया था।उनके ब्रह्मलीन होने पर संत समाज के साथ ही सुनीत मूना ने भी शोक व्यक्त किया है।

### दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई है। अब तक कुल 146 करोड़ 35 लाख रुपये की की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी, ड्रग आदि को जब्त किया जा रहा है। बीती एक मार्च से 13 अप्रैल तक कुल 24 करोड़ 65 लाख 52 हजार रुपये नकद धनराशि, 35 करोड़ 54 लाख रुपये कीमत की शराब, 54 करोड़ दो लाख 75 हजार रुपये कीमत की ड्रग, 20 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 11 करोड़ 48 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। उन्होंने बताया कि प्रमुख जब्ती में मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये, रामपुर की मिलक विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गई। इसके अतिरिक्त बाराबंकी की बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में 14.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 295 ग्राम ड्रग व सुलतानपुर की सदर विधानसभा क्षेत्र में 14.23 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 970 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

### भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का दस्तावेज : प्रमोद तिवारी



**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा के चुनावी घोषणा को लेकर कहा कि इसमें नीति व नियत को लेकर पुन: खोट उजागर हुआ है। वर्ष 2014 व 2019 का भाजपा का जो घोषणा पत्र था उसके 19 प्रतिशत वायदे भी पूरे नहीं हुए हैं। चुनाव के पूर्व भाजपा का जो संकल्प पत्र/घोषणा पत्र आया है उसमे पीएम मोदी की गारण्टी दी गयी है। जिनकी आज तक देश को दिए गए किसी वचन की गारण्टी पूरी नहीं हुई है। उदाहरण दिया कि विदेशों से कालाधन की वापसी, प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियां समेत मोदी की गारण्टी का कहीं पता नहीं है।किसानों की आय दो गुनी करने की जगह उनका कर्ज जरूर बढ़ गया है। यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी बयान में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि पिछले दस सालों में बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गयी है। डालर के मुकाबले रूपये की साख व निर्यात सभी में गिरावट आयी है।

### भाजपा नेता को फोन पर मिली धमकी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सर्वजीत सिंह के साथ रहने वाले एमएलसी प्रतिनिधि भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह अन्नू सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। कोतवाली रुदौली में सिंपल सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। एक दिन पहले रुदौली ब्लॉक प्रमुख के आवास पर फायरिंग में भी सिंपल सिंह को आरोपी बनाया गया था। अन्नू सिंह खण्डासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव के निवासी हैं। आरोपी सिंपल सिंह फायरिंग के मामले में जेल में है।

# लोकसभा चुनाव: कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय समिति गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।




रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डा. सीपी राय व अन्य। ● अमृत विचार

● 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का गठन

केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मोहम्मद शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ शरद शर्मा, डॉ रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

## आरपीएफ दरोगा ने वृद्ध की बचाई जान

**प्रयागराज, अमृत विचार:** प्रयागराज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में पैर फिसल जाने से वृद्ध नीचे गिर गया। यह देख आरपीएफ दरोगा ने अपनी जान की परवाह न करते हुए उसे गाड़ी के नीचे से खींच लिया। प्रयागराज स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गाड़ी1.18 बजे पर आयी। गाड़ी के कोच संख्या बी-1 सीट नंबर 63 पर यात्रा कर रहे सज्जन सिंह शेखावत (63) निवासी रामनगर कॉलोनी, जिला जयपुर खाना लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतर गए। इसी दौरान गाड़ी रवाना हो गयी। चलती गाड़ी में चढ़ने के दौरान उक्त वृद्ध यात्री अनियन्त्रित होकर गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच में लटक गया। सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार रावत की उस पर नजर पड़ी तो अपनी जान की परवाह किए बिना कूद पड़े।

# चोर गैंग की 14 महिलाएं 9 लाख के जेवरात के साथ गिरफ्तार

एजेंसी

**इटावा :** जिले के बकेवर इलाके के ऐतिहासिक कालिका देवी लखना मंदिर में श्रद्धालुओं से चोरी के मामले में अंतर्जनपदीय चोर गैंग की 14 महिला सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब नौ लाख रुपए के जेवरात पुलिस ने बरामद किए हैं। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि थाना बकेवर क्षेत्र अन्तर्गत लखना में ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर मेला लगता है,जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश से दर्शनार्थी माता रानी के दर्शन करने भारी संख्या में आते हैं।

इसी क्रम में आज भी भारी संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शन के लिये आये थे। मन्दिर परिसर में भारी मात्रा में भीड़ थी इसी दौरान कुछ महिलाओं ने लगभग 10 -11 महिलाओं की चेन एवं मंगलसूत्र चोरी कर लिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की पार्टी में सक्रिय चोरों की गिरफ्तारी के लिए सक्रिय हुई और अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह की सदस्य 14 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना में शामिल प्रयागराज की 4, अलीगढ़ की 2 ,आगरा की 6 ओर उन्नाव की रहने वाली 2 महिलायें शामिल है।

# कोर्ट की अनुमति बिना याचिका के साथ निजी तस्वीरें स्वीकार्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में निजी तस्वीरें को याचिका के साथ संलग्न करने पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि न्यायालय की स्पष्ट अनुमति के बिना निजी या अश्लील तस्वीरें स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस संबंध में रजिस्ट्री को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कई मामलों में यह दर्दनाक अनुभव भी साबित हो सकता है।

उक्त निर्देश न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने दुष्कर्म के एक मामले में शामिल पक्षकारों की निजी तस्वीरों को शामिल करने के जवाब में दिया। कोर्ट ने कासिमाबाद थाना, गाजीपुर में दर्ज मामले में राहत की मांग करने वाले प्रद्युम्न गोंड द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर विचार करते हुए पाया कि मौजूदा मामले के अलावा आवेदक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था और वह नवंबर 2023 से जेल में बंद था। आरोपी के भागने, सबूत के साथ छेड़छाड़ करने या गवाहों को प्रभावित करने की संभावना को ना देखते हुए कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली। आरोपी पर शादी का झूठा वादा कर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है जबकि आरोपी का तर्क है कि पीड़िता और उसके बीच सहमति से शारीरिक संबंध बने थे। उनके रिश्ते में आई गड़बड़ी के परिणामस्वरुप वर्तमान प्राथमिकी दर्ज हुई। आरोपी ने यह भी दावा किया कि उसने पीड़िता का कभी कोई अश्लील वीडियो या तस्वीर नहीं ली। अंत में कोर्ट ने रजिस्ट्री को कानूनी कार्यवाही में शामिल व्यक्तियों की गोपनीयता को प्राथमिकता देने का निर्देश देने के साथ ही आरोपी को सशर्त जमानत दे दी।

## वंदे भारत पर पथराव करने वाले चारों नाबालिग गिरफ्तार

**कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार :** प्रयागराज से लखनऊ जा रही वंदे भारत ट्रेन पर परियावां रेलवे स्टेशन के पास सात अप्रैल को कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था। जिससे ट्रेन का शीशा टूट गया था। मामले में ऊंचाहार आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। पड़ताल के दौरान रेलवे स्टेशन के आस - पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरपीएफ ने पत्थर बाजी करने वाले चारों को पहचान लिया, सभी किशोर निकले। इसके बाद रविवार को इंस्पेक्टर आरपीएफ मनोज कुमार ने नवाबगंज के पाइकगंज बाजार पहुंचकर चारों नाबालिग किशोर को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी नाबालिग हैं। सभी से पूछताछ कर बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

# 25 न्यायिक अधिकारियों का हाईकोर्ट ने स्थानांतरण किया

विधि संवाददाता,प्रयागराज

● महानिबंधक राजीव भारती ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शनिवार को 25 अधिकारियों का स्थानांतरण किया।

यह जानकारी महानिबंधक राजीव भारती ने दी है। ज्ञापन के अनुसार सत्य प्रकाश प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बदायूं को पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल मिर्जापुर में, संजय कुमार (तृतीय) पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल सहारनपुर को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बहराइच में, संजय कुमार (द्वितीय) पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल देवरिया को इसी पद पर मुरादाबाद में, महेश नौटियाल प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ललितपुर को पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल गाजीपुर में, महेंद्र नाथ पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल रायबरेली को इसी पद पर कानपुर नगर (दक्षिण) में, उदयभान सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूं को पीठासीन अधिकारी भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन प्राधिकरण गोरखपुर में, मीणा श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखनऊ को पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल कौशांबी में, ललित नारायण झा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहारनपुर को पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय झांसी में, मुनव्वर जहां अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मैनपुरी को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर में स्थानांतरित करने की सूचना दी गई है।इनके अलावा अन्य तबादले हुए हैं।


## वर्ग पहेली-40

**बाएं से दाएं**

1. बजता
4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।
5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।
6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।
8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

**ऊपर से नीचे**

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।
2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।
3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।
5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस–पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है
7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।




## वर्ग पहेली -39 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 दो | चं | 2 द |
| 3 ए | ल | ब | 4 म | ■ | ■ | हा |
| ■ | ■ | ■ | 5 हा | ई | फा | ई |
| ■ | 6 दु | ■ | ब | ■ | ■ | ■ |
| 7 अ | ल | क | ली | ■ | ■ | 8 ना |
| ■ | दु | ■ | ■ | ■ | ■ | मि |
| 9 का | ल | को | ठ | री | ■ | क |

## सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | | | 4 | | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | 5 |
| | | | 5 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| | 3 | 7 | | | | 2 | 4 | |
| 1 | | 4 | | | | 6 | | |
| 7 | | | 3 | | 5 | | 9 | |
| 2 | | | 1 | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | | | 9 | | 8 | |

## सुडोकू -118 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–पुनर्वसु 16 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

**वृष:** आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

**मिथुन:** आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

**कर्क:** आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

**सिंह:** आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या:** आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**तुला:** आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

**धनु:** आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मकर:** आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

**कुंभ:** आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

**मीन:** आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता – दोपहर : 12.00
एक और एक ग्यारह – रात : 07.01

&pictures
रोबोट – सुबह : 10.56
रमन राघव 2.0 – रात : 08.00

SONY PIX
2012 – सुबह : 11.23
टैक्सी ड्राइवर – रात : 07.55

ZEE CINEMA
दिल मांगे मोर – सुबह : 09.50
हैपी फिर भाग जाएगी – रात : 10.30

StarGold SELECT
हीरो – सुबह : 11.00
अय्यारी – शाम : 06.15

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर–आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की–क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर–नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की– ओह! तो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर–ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की –अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था– "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी– सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति– तो?
पत्नी– अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति– क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

## एक नजर



### द्वारका में दो स्कूल बसों में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में एक स्कूल में खड़ी दो बसों में रविवार को आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ में आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में दोपहर 2.53 बजे आग लगने की सूचना मिली। आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए लगाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। अभियान अभी भी जारी है।

### बसपा ने घोषित किए तीन और प्रत्याशी

**बिलासपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का, रायगढ़ (सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा (सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया, बस्तर (सु) से आयतु राम मंडावी, राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी, महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर (सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है।

### आप विधायक की अर्जी पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आप विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये अनियमितताएं खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने खान को मामले में राहत देने से इनकार किया था।

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

### महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सरवाड़ी गांव में हुई घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के एसपी कुंदन कांवरिया ने बताया कि समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर

## वार्षिक टेक फेस्ट निंबस में हुई घोषणा, जापान की स्पेस एजेंसी में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

हमीरपुर, एजेंसी

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां इससे प्रभावित हैं। चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जब कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए। रोज अगर आप उस कार्य में मेहनत करेंगे तो उसमें परिणाम अवश्य आते हैं। रिसर्च में धैर्य रखने की बहुत आवश्यकता है। भारत में रिसर्च में बहुत से विकल्प हैं। सभी युवाओं के लिए एक ही महत्वपूर्ण बात है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा फोकस हो और धैर्य बना रहना चाहिए। स्नातक करते समय ध्यान से पढ़ना होगा। वहीं से रिसर्च के क्षेत्र में जाने के लिए सहायता मिलती है। आठ घंटे सोना, आठ घंटे पढ़ना और आठ घंटे अपने कार्य निपटने के लिए लगाएं। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में वर्ष 2014 में एनआईटी हमीरपुर से स्नातक की डिग्री की। उसके बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया और अब वह सात वर्षों से इसरो में बतौर वैज्ञानिक सेवाएं दे रहे हैं।



● इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर बोले- चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां हुईं प्रभावित

### सिर्फ सफलता के बारे में सोचें

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर व्रिकम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है।

# आयकर ने अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर मारा छापा

कोलकाता, एजेंसी



● तृणमूल का दावा अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोकने की दी धमकी

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। तृणमूल ने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की गई साजिश का हिस्सा है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा है कि पूर्व मेदिनीपुर में बनर्जी की हल्दिया यात्रा के लिए बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का परीक्षण चल रहा था, उसी वक्त आयकर अधिकारियों की एक टीम पहुंची और बड़े पैमाने पर इसकी तलाशी ली गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एनआईए के डीजी और एसपी को हटाने के बजाय निर्वाचन आयोग और भाजपा ने आज मेरे हेलीकॉप्टर और सुरक्षाकर्मियों की तलाशी के लिए आयकर विभाग के गुर्गों को तैनात करने का फैसला किया। कारण पूछने पर अधिकारी बहस करने लगे और हिरासत हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोक लेने की धमकी दी।

# इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व नौकरशाह निशा ने छोड़ी पार्टी

भोपाल/छिंदवाड़ा, एजेंसी



● कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप, बोलीं- दलित महिला का किया है अपमान

मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व नौकरशाह निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व उपसंभागीय मजिस्ट्रेट हैं और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाया कि उन्होंने टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया।

# लोकसभा चुनाव की लड़ाई मनुवादी विचारधारा के खिलाफ : मल्लिकार्जुन

नागपुर, एजेंसी



● आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की लड़ाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नहीं बल्कि सत्तारूढ़ सरकार की मनुवादी विचारधारा के खिलाफ है।

नागपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी बाबासाहेब भीम राव आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है। नागपुर सीट से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाजपा उम्मीदवार हैं। खरगे ने कहा कि विकास ठाकरे एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी या गडकरी के खिलाफ नहीं बल्कि मनुवादी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है।

# टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान है कांग्रेस : मोदी



मैसूर में चुनावी रैली के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

**मैसूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव न केवल अगले पांच साल की राजनीति को तय करेगा, बल्कि 2047 तक विकसित भारत का भविष्य भी सुनिश्चित करेगा। मोदी ने इंडिया समूह पर हिंदू धर्म की शक्तियों को नष्ट करने की इच्छा रखने का आरोप लगाया और इसकी रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक लाभ के लिए कुछ समूहों को दूसरों पर प्राथमिकता देते हैं। इंडी समूह के लोग 'सनातन' को खत्म करना चाहते हैं। वे हिंदू धर्म की शक्तियों को नष्ट करना चाहते हैं। जब तक मोदी हैं, ये नफरत करने वाली ताकतें कभी सफल नहीं होंगी, यह मोदी की गारंटी है 2024 के लोकसभा चुनाव सिर्फ अगले पांच साल की राजनीति का फैसला नहीं करेगा, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' का भविष्य सुनिश्चित करेगा। महाराजा पैलेस मैदान में आयोजित चुनावी रैली में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके पुत्रों एचडी कुमारस्वामी और एचडी रेवन्ना ने भी मोदी के साथ मंच साझा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'सुल्तान' या जिसे वह 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' कहते हैं, उसके नेता के रूप में काम कर रही है।

## परंपरा और आस्था का सैलाब





बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाला यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण के उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आए तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

# सीकर में हादसा, आग में उप्र के 7 लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

● विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ हादसा

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को भीषण हादसे के बाद वाहनों में आग लग गई जिसमें मेरठ के रहने वाले कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में आग लग गई और सभी सात लोग जिंदा जल गए। कार में एलपीजी थी। कार सवार सभी लोग मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासल बालाजी से लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) ने बताया कि दुर्घटनाआर्शीवाद पुलिया के पास हुई थी। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम (55), आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), हार्दिक बिंदल (37), स्वाति (32), दीक्षा (7) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है।

## कारोबार

### देश ने इस वर्ष 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता (प्रत्येक संयंत्र 25 गीगावाट या उससे अधिक) शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है।

# शीर्ष सात कंपनियों का पूंजीकरण 59,404 करोड़ बढ़ा

## पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में आई थी 3.32 अंक की मामूली गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। ईद-उल-फितर के मौके पर गत गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

### भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।



# धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की जांच चाहता है वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा। दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए। इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

# एलआईसी को अडाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी





सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों- अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह में किए गए निवेश पर 59% का लाभ हुआ। इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।



रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा डीओटी

नई दिल्ली, एजेंसी





दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने नियामक ट्राई से संपर्क कर स्पेक्ट्रम के आवंटन के तरीके और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांग सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने छह अप्रैल, 2023 को अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को विभाग को लौटा दिया गया।

सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई से विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।

सैटकॉम (उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी) सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या दुर्गम इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है। एलन मस्क की स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

### इम्प्रेसारियो हर साल 10-15 सोशल आउटलेट खोलेगी

**नई दिल्ली।** रेस्तरां श्रृंखला सोशल का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा। कंपनी स्मोक हाउस डेली और मोचा ब्रांड नाम से रेस्तरां का संचालन भी करती है। इम्प्रेसारियो भारत की युवा आबादी और बेहतर अनुभवों के लिए बढ़ती चाहत जैसे विभिन्न कारकों के चलते भारत में अपनी वृद्धि को लेकर उत्साहित है।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 06 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 284 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## चेन्नई सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हराया

**मुम्बई, एजेंसी**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों और उसके बाद मथीशा पथिराना के 14 रन देकर चार विकेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया है।

रोहित शर्मा की 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी पर महेन्द्र सिंह धोनी की चार गेंदों में 20 रनों की पारी पड़ी भारी। मुंबई इंडियंस ने 207 रनों के लक्ष्य का पीछा हुए अच्छी शुरुआत की। रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। आठवें ओवर में ईशान किशन को पथिराना ने शार्दुल के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया। ईशान किशन ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (23) रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। तिलक वर्मा ने 20 गेंदों में (31) रनों की पारी खेली। कप्तान हार्दिक पंड्या (2), मोहम्मद नबी (2) रन, टिम डेविड (13) रन, रोमारियो शेफर्ड (1) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। रोहित ने 63 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद (105) रनों की पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे।

**चेन्नई सुपर किंग्स : 206/4**

| | |
|---|---|
| रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी | 05 |
| रचिन कैच किशन बोल्ड गोपाल | 21 |
| ऋतुराज कैच नबी बोल्ड हार्दिक | 69 |
| शिवम दुबे नाबाद | 66 |
| मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक | 17 |
| एमएस धोनी नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त** : 8 रन कुल

**गेंदबाजी** : मोहम्मद नबी 3-0-19-0, कोएत्जी 4-0-35-1, बुमराह 4-0-27-0, आकाश 3-0-37-0, श्रेयस गोपाल 1-0-9-1, हार्दिक 3-0-43-2, रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0

**मुंबई इंडियन्स : 186/6**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा नाबाद | 105 |
| ईशान का शारदुल बो पथिराना | 23 |
| सूर्यकुमार का मुस्तफिजुर बो पथिराना | 00 |
| तिलक का शारदुल बो पथिराना | 31 |
| हार्दिक का जडेजा बो देशपांडे | 02 |
| डेविड का रविंद्र बो मुस्तफिजुर | 13 |
| रोमारियो शेफर्ड बो पथिराना | 01 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त** : 07, **गेंदबाजी** : देशपांडे 4-0-29-1, मुस्तफिजुर 4-0-55-1, शारदुल 4-0-35-0, जडेजा 4-0-37-0, पथिराना 4-0-28-0



शिवम दुबे ऋतुराज गायकवाड

### खेल डायरी

#### अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

#### सितसिपास ने तीसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता

**मोनाको।** स्टेफानोस सितसिपास ने रविवार को यहां कैस्पर रूड को 6-1, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार क्ले-कोर्ट मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता। वह चैम्पियन बनने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और अपनी कुर्सी पर बैठकर रोने लगे। साल का अपना पहला खिताब और दो साल में सबसे बड़ी खिताबी जीत हासिल करने के बाद सितसिपास अपना सिर पकड़कर बैठे रहे और कुछ देर रोते रहे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सितसिपास ने कहा, "मुझे आज खुद पर बहुत गर्व है। मैं लंबे समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि इस सप्ताह क्या होने वाला है।''

#### इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

**कैंसास सिटी।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

#### पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

**नयी दिल्ली।** मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217 .6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

#### सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2 .19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2 .27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2 .26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्गलोफ्लिन 2 .08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

#### अंजू-हर्षिता ने रजत, मनीषा-अंतिम कुंडू ने जीता कांस्य

**बिश्केक।** भारत की महिला पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन क्रमश: महिलाओं के 53 किग्रा और 72 किग्रा में रजत पदक जीते। वहीं मनीषा (महिलाओं के 62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (महिलाओं के 65 किग्रा) ने भी चौथे दिन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या चार कर दी। किर्गिस्तान के बिश्केक में रविवार को मिले इस पदकों के साथ ही भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक नौ पदक जीत लिये हैं। इससे पहले उदित और राधिका ने रजत पदक और अभिमन्यु, विक्की और शिवानी पवार ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। महिलाओं के फ्रीस्टाइल वर्ग में आज पांच भारतीय पहलवानों ने प्रतिस्पर्धा में महिलाओं के 57 किग्रा में सरिता मोर पदक जीतने में असफल रहीं। सोमवार को ग्रीको-रोमन 55 किग्रा, 63 किग्रा, 77 किग्रा, 87 किग्रा, 130 किग्रा में पुरुष पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स

### कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके



फिल सॉल्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे। टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नरेन और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले सॉल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। सातवें ओवर में जोसेफ की गेंद पर मैदान अंपायर ने अय्यर को आउट करार दिया लेकिन रिव्यू लेने के बाद वह बच गये। गेंद उनकी जांघ पर लगकर विकेटकीपर के हाथों में गयी थी। इसी ओवर में सॉल्ट के शॉट पर अरशद खान ने कैच लेने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ में लगकर छह रन के लिए चली गयी। सॉल्ट ने पारी के आठवें और 10वें ओवर में अरशद के खिलाफ क्रमशः दो और तीन चौके लगाकर 26 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच श्रेयस अय्यर ने रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका जड़ा। सॉल्ट ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखते हुए 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके लगा कर श्रेयस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का उनका आंकड़ा खराब किया।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

**लखनऊ 161/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव | 10 | 08 | 2/0 |
| केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल | 39 | 27 | 3/2 |
| दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क | 08 | 10 | 1/0 |
| आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन | 29 | 27 | 2/1 |
| स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती | 10 | 05 | 2/1 |
| निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क | 45 | 32 | 2/4 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 0/0 |
| अरशद खान बोल्ड स्टार्क | 05 | 04 | 1/0 |

**गेंदबाजी** : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

**कोलकाता 162/2** — 15 .4 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14/3 |
| सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन | 06 | 06 | 1/0 |
| अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन | 07 | 06 | 0/1 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 6/0 |

**गेंदबाजी** : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2 .4-0-17-0

## आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

**बेंगलुरु, एजेंसी**

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

## धवन कम से कम सात से दस दिन के लिए बाहर

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम करेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, ''उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये करेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। उन्होंने कहा,'' सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।''



## बॉलीवुड हलचल

### शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

### यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

### 31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ' 'मिस्टर एंड मिसेज माही' ' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# चुनाव में खूब भा रहे चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर

## विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च कर रहे नेता

- पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में इस साल 40 फीसदी मांग बढ़ी, कम हो पा रही आपूर्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80 हजार से 90 हजार रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3 .5 लाख रुपये तक हो जाती है।" एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4 .5 लाख से 5 .25 लाख रुपये तक पड़ेगा।

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। उन्होंने आगे कहा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 फीसदी अधिक है। बाली ने आगे कहा, आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ से अधिक खर्च किया है। जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ खर्च किया गया है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा।

# टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का हुआ सफल परीक्षण

*भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।*

- डुएल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है। यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।



### डीआरडीओ ने किया विकसित

अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने डिजाइन और विकसित किया है।

### पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बधाई देते हुए बताया है कि, उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

## एक नजर

### कन्नड फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म निर्माता और व्यवसायी सौंदर्या जगदीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माता ने रविवार को बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनका अस्पताल में निधन हो गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जगदीश के दोस्त श्रेयस ने कहा जगदीश की आत्महत्या के प्रयास के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा-जांच जारी है। जगदीश को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी, हम आपको मौत के पीछे कारण अभी नहीं बता सकते। यह घटना रविवार सुबह हुई।

### सिख तीर्थयात्रियों को बैसाखी पर हर सुविधा प्रदान करेंगे : शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग तीन हजार भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में मनाने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आस्थाओं और संस्कृतियों का ए क सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी।

### भारत ने नेपाल भेजीं 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें

**काठमांडू।** काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें उपहार में दी हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की उपस्थिति में वाहनों की चाबियां सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि रविवार को सौंपे गए 101 वाहनों में से दो भूकंप प्रभावित जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिले को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री ने चल रही विभिन्न परियोजनाओं में भारत के मदद की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल और भारत के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव और द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, तीन लापता

**तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। हादसा में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

# पश्चिम एशिया में जंग में बदला तनाव बाइडन ने जी-7 देशों की बैठक बुलाई

## राष्ट्रपति बोले- इजराइल का पूर्ण समर्थन करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से की बात

वाशिंगटन, एजेंसी



व्हाइट हाउस में शनिवार को अधिकारियों व मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते राष्ट्रपति जो बाइडन।

ईरान ने अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के 24 घंटे बाद पश्चिम एशिया में तनाव जंग में बदला गया है। बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर चर्चा और आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की।

इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से भेजे गए लगभग सभी ड्रोन्स और मिसाइलों को मार गिराया है। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में अमेरिका के पूरे समर्थन का भरोसा दिया। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, आज ईरान और यमन, सीरिया और इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अचानक हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।

### ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इजराइल-ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इजराइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इजराइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इजराइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

## दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती: यूएन प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं।

गुटेरस ने एक बयान में कहा, आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

# कनाडा में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

- चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी, परिजनों ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद

ओटावा, एजेंसी

विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है।

सोनीपत के रहने वाले चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

इस मामले में छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय से जांच में तेजी लाने और परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए उनके परिवार द्वारा लोगों की मदद से धन जुटाया जा रहा है। उनके भाई रोमित अंतिल का कहना है कि वे बहुत ही दयालु थे और उनकी किसी से साथ दुश्मनी भी नहीं थी। रोमित ने कहा कि आखिरी बार जब चिराग से बात हुई, तो वे बेहद खुश थे और इसके बाद उनकी मृत्यु की खबर सामने आई। चिराग सितंबर 2022 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के लिए वेनकूवर चले गए थे और हाल में उन्हें वर्क परमिट भी मिल गई थी।

## चेन्नई में प्रेमिका से नाराज सिरफिरे ने छात्र पर दागी गोली यूपी का आरोपी गिरफ्तार

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई में प्रेमिका से नाराज सिरफिरे ने एक मेडिकल छात्र की रविवार को गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया। इस हमले में छात्र बाल-बाल बच गया। एक अधिकारी ने कहा कि चलाई गई गोली लक्ष्य से चूक गई। घटनास्थल पर एकत्र लोगों ने एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मेडिकल छात्र रोहन मद्रास मेडिकल कॉलेज के पास एक चाय की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान उसका पीछा कर रहे दो सिरफिरों में से एक ने गोली चला दी।

एक को घटना स्थल से ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि, दूसरा व्यक्ति भागने में सफल हो रहा। गिरफ्तार युवक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी रितिक कुमार के रूप में हुई है। भागने वाले व्यक्ति की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया है कि, फरार आरोपी अमित कुमार की प्रेमिका उससे बात नहीं कर रही थी, जो रोहन के कॉलेज की छात्रा है। अमित को संदेह हुआ कि रोहन के कारण प्रेमिका बात नहीं कर रही है। इससे नाराज अमित ने रोहन को जान से मारने की कोशिश की।

### बांध खुद प्यासा...



**कोटा:** पांच साल में ऐसी तस्वीर पहली बार सामने आई है कि करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला आलनिया बांध सूख चुका है। हालात ये हैं, इसकी तलहटी बूंद-बूंद के लिए तरस रही है। डाउन स्ट्रीम के खेतों में गेहूं की फसल कटाई में जुटे मजदूरों तक को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ये अपनी प्यास बुझाने के लिए 3 किमी तक पैदल चलकर बांध के पेटे में बनाए गड्ढे से पानी निकालते हैं। वहां भी एक-एक लोटा भरकर पानी मटकी में भरना पड़ता है। यहां पर दूर-दूर तक पीने के पानी का दूसरा स्रोत नहीं है। ● एजेंसी

# अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत, 27 घायल

- काबुल समेत अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 600 मकान क्षतिग्रस्त

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण करीब 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया है कि, काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हुआ है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।

सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

## पंजाब में विश्व हिंदू परिषद के नेता की गोली मारकर हत्या

**रूपनगर।** पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता की उनकी दुकान में अज्ञात हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि, मृतक विकास बग्गा विश्व हिंदू परिषद की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।

बता दें, घटना शनिवार की है, दो हमलावर रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की दुकान में घुस गोलीमार कर फरार हो गए। आनंदपुर साहिब के पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। विहिप समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

**पहल** सुपर-30 के संस्थापक ने की घोषणा, भारत में गरीब बच्चों को भविष्य रचने का मिलेगा मौका

# वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद

शिकागो, एजेंसी

सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ व गरीब छात्रों के मसीहा आनंद कुमार ने भारत में वंचित छात्रों के भविष्य के लिए दरवाजे खोले। आनंद कुमार जल्द ही नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों को अपना भविष्य रचने का मौका मिलेगा। सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने रविवार को नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडिया: शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर '2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस' में अपना संबोधन में कही है। उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि वह गरीबों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो सुपर 30 की अगली सीरीज होगी। अमेरिका के शिकागो से अपने संबोधन में आनंद कुमार ने कहा 'अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव लाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

आनंद कुमान ने कहा कि कोविड महामारी ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। इस समय भी गरीबी के कारण बहुत सारे बच्चे दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें भी न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता होगी, लेकिन कम अवसर के कारण उनकी प्रतिभा कहीं खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है।

आनंद कुमार ने अपने संबोधन को खत्म करते हुए एक बहुत अच्छी बात कहीं। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहुत बड़ी हस्ती नहीं हूं, एक साधारण शिक्षक हूं लेकिन आज मैं आपको अपने दिल की गहराई से एक बात कहना चाहूंगा कि अगर आपका मन किसी लक्ष्य पर निर्धारित है और आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो आप एक दिन जरूर सफल होंगे। हालांकि, इसे पाने में भले ही ज्यादा समय लगे, जितना आपने सोचा था शायद उससे ज्यादा ही समय लगे, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

### हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना सपना



हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना आनंद कुमार का सपना है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब भी अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि लैब्स से बाहर निकलकर उन देशों और गांवों की गरीबी का एहसास किया जाए, जहां लोगों को बिजली, साफ पानी और उचित भोजन तक नहीं मिलता है।

## छत्तीसगढ़ में एक लाख का इनामी समेत सात नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम है। पुलिस ने बताया है कि, नक्सलियों के पास से एक मजल-लोडिंग बंदूक, तीन किलोग्राम काला पाउडर विस्फोटक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा- माड़वी देवा उर्फ दिनेश माड़वी, बंजाम पोज्जा, कवासी उर्फ वांडो अयाता, कलमू गंगा, कलमु सन्ना, नुप्पो पोज्जा और रावा जोगा हिरासत में लिया है। कवासी पर एक लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने कहा कि शांति पूर्ण तरीके से चुनाव कराने को लेकर कार्रवाई की गई है।

# कैंब्रिज व ऑक्सफर्ड जैसे संस्थानों में प्रवेश को 20 हजार भारतीय छात्रों की राह आसान

- ब्रिटेन में 70 विश्वविद्यालयों के नियम बदले, सीट बढ़ाई, ग्रेड घटाई

लंदन,एजेंसी

ब्रिटेन के कैंब्रिज, ऑक्सफर्ड और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी 70 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने नियमों में बदलाव कर 20 हजार भारतीय छात्रों के लिए प्रवेश आसान कर दिया है। इन विश्वविद्यालयों ने अगस्त से शुरू होने वाले सत्र में भारतीय छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने के साथ ग्रेडिंग में भी नरमी के नए नियम लागू किए हैं।

भारतीय छात्रों को अब 'बी' और 'सी' ग्रेड के साथ भी दाखिला मिल सकेगा। विश्वविद्यालयों ने ये कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले साल भारतीय छात्रों की संख्या में कमी के कारण उन्हें लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी और परिवार को नहीं लाने के सख्त नियम बनाए थे। इससे 2022 में 1.38 लाख भारतीय छात्रों ने आवेदन किया था वह 2023 में घटकर 1.28 लाख रह गया था। भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की विश्वविद्यालयों को फीस के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है।

ब्रिटेन का छात्र फीस के रूप में सालाना 9.25 लाख रुपये जबकि भारतीय छात्र लगभग 22 लाख रुपये चुकाते हैं। इसे देखते हुए इस बार ब्रिटेन की 70 विश्वविद्यालयों ने भारत में अपने एजेंट्स की संख्या 100 से बढ़ाकर 500 कर दी है।

ये विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को लाने पर कमीशन भी देती हैं। पिछले साल डरहम विश्वविद्यालय ने एजुकेशन एजेंटों को सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में दिए थे। इस बार ब्रिटिश विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमी राज्यों में अपने एजेंट्स बढ़ाए हैं।

### भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की इकोनॉमी को भी इजाफा



हर्टफर्डशायर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. क्विंटिन मैककेलर ने बताया कि पीएम सुनक ने भले ही इमिग्रेशन को लेकर वीसा नियम सख्त किए हों, लेकिन वे भूल गए कि भारतीय छात्रों से इकोनॉमी को भी फायदा मिलता है। भारतीय आईटी और मेडिको छात्र पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इससे ब्रिटेन के टैलेंट पूल में ही इजाफा होता है। आने वाले सत्र के लिए नए नियमों से भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी।